RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

मुकद्दस रमजान
इफ्तार शुक्रवार
सुन्नी- 05:11 PM
शिया- 05:10 PM
सहरी शनिवार
सुन्नी- 06:31 AM
शिया- 06:33 AM

वर्ष : 26 | अंक : 85 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 16 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# 'चुनाव के पहले जनता ने घोषित कर दिए हैं नतीजे'


## देश ने घोषणा कर दी है- 'अबकी बार 400 पार' : नरेन्द्र मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनावों में 370 सीटें जीतने के लक्ष्य के लिए पीएम मोदी लगातार रैलियां कर रहे हैं। फिलहाल पीएम मोदी तेलंगाना पहुंच चुके हैं। यहां के नगरकुर्नूल में वह एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित कर रहे हैं। इसके बाद वे कर्नाटक जाएंगे। कर्नाटक के कुलबर्गी में वे एक सार्वजनिक सभी को संबोधित करेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि आज देश में 2024 के चुनाव का बिगुल बजने जा रहा है। टीवी वाले बता रहे हैं कि अब से कुछ ही देर बाद दिल्ली में चुनाव की तारीखों का एलान हो जाएगा। लेकिन तारीखों के औपचारिक एलान के पहले ही देश की जनता ने, देश ने नतीजों का एलान कर दिया है। देश ने घोषणा कर दी है- अबकी बार 400 पार।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'तेलंगाना में विधानसभा के चुनाव के दौरान मैं यहां आया था तब मैंने देखा था कि जनता के दिल और दिमाग में बीआरएस के खिलाफ इतना गुस्सा था और उसका नतीजा भी हमने देखा कि उसका क्या हाल हुआ है... अब तेलंगाना के लोगों ने मोदी को फिर से वापस लाने का फैसला सुना दिया है।'

पीएम मोदी ने कहा, 'तेलंगाना को हमारे देश में 'गेटवे ऑफ साउथ' कहा जाता है। यह एनडीए और मोदी की प्राथमिकता रहा है, इन 10 वर्षों में हमने देखा कि कैसे तेलंगाना



चक्की के दो हिस्सों में पिसता रहा है जिसमें एक हिस्सा कांग्रेस का और दूसरा हिस्सा बीआरएस का था। कांग्रेस और बीआरएस ने मिलकर तेलंगाना के विकास के हर सपने को चकनाचूर कर दिया है। अब तो मुश्किल यह है कि यहां कांग्रेस के पंजे का कब्जा हो गया है। पहले बीआरएस की महा लूट और कांग्रेस की बुरी नजर... कांग्रेस के लिए पूरा राज्य तबाह करने के लिए पांच वर्ष भी बहुत हैं।'

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक देश में गरीबी हटाओ का नारा दिया। लेकिन, गरीब के जीवन में कोई बदलाव आया क्या? कांग्रेस ने एससी, एसटी, ओबीसी को वोटबैंक के तौर पर इस्तेमाल किया। लेकिन, समाज के हालात सुधरे क्या? बदलाव तब आया, जब देश ने मोदी को पूर्ण बहुमत का आशीर्वाद दिया। क्योंकि, बदलाव की एक ही गारंटी है। मोदी की गारंटी।

उन्होंने आगे कहा कि बीआरएस भी कांग्रेस के ही नक्शेकदम पर चलने वाली पार्टी है। केसीआर तो कहते हैं कि भारत को नए संविधान की जरूरत है। क्या ये बाबा साहब डॉ. अंबेडकर को अपमानित करने का कृत्य नहीं है? केसीआर ने दलित बंधु योजना से दलितों को धोखा दिया।

## रवि काना का गुर्गा गिरफ्तार

### गैंगस्टर में वांछित था तरूण छोकर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस लगातार स्क्रैप व सरिया माफिया रवि काना के गिरोह की कमर तोड़ने का काम कर रही है। पुलिस ने रवि काना गिरोह के एक और बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश एमबीए पास है और गिरोह के लिए लाइजनिग का काम करता है। पकड़ा गया आरोपी गैंगस्टर एक्ट में भी वांछित चल रहा था।

एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर स्क्रैप व सरिया माफिया रवि काना गिरोह के सक्रिय सदस्य तरुण छोकर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत था और वह इसमें वांछित चल रहा था। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया तरुण मूल रूप से फरीदाबाद हरियाणा का रहने वाला है और हाल में थाना बिसरख क्षेत्र में रह रहा था। तरुण एमबीए पास है और वह रवि काना गैंग के लिए लाईजनिंग का काम करता था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## ट्रक की टक्कर में महिला की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बादलपुर क्षेत्र के जीटी रोड पर ट्रक की टक्कर लगने से बाइक के पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

मूल रूप से हापुड़ निवासी दुष्यंत अपनी पत्नी खुशबू के साथ बाइक से जा रहा था। जीटी रोड पर पीछे से तेज गति में आ रहे ट्रक चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पति-पत्नी सड़क पर गिर गए। इस हादसे में खुशबू गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना बादलपुर पुलिस ने खुशबू को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## संदिग्ध परिस्थिति में छात्रा लापता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-1 क्षेत्र से दसवीं कक्षा की एक छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर 10 की जेजे कॉलोनी में रहने वाली कोमल (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बेटी दसवीं कक्षा में पढ़ती है।बीते दिनों वह घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। दोपहर को स्कूल की छुट्टी के बाद जब वह घर नहीं लौटी तो उसकी तलाश की गई लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। स्कूल में भी जाकर पूछताछ की गई लेकिन छात्रा के बारे में कोई सुराग नहीं मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया गया है।

## डेढ़ माह बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज

वहीं थाना जेवर क्षेत्र के मोहल्ला सल्लियान में चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात तथा 14 हजार रुपए पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय परिजन अपने बेटे से मिलने के लिए ग्रेटर नोएडा आए हुए थे। मोहल्ला सल्लियान निवासी ओम प्रकाश ने बताया कि 3 फरवरी की रात्रि को वह अपने परिवार सहित ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा में रहने वाले अपने बेटे से मिलने के लिए आए थे। 4 फरवरी की सुबह उन्हें पड़ोसियों ने फोन कर बताया कि उनके घर का मुख्य दरवाजा खुला है तथा अंदर सामान बिखरा हुआ पड़ा है। सूचना के आधार पर वह तुरंत अपने घर पहुंचे तो उन्हें घर के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ मिला। ओमप्रकाश के मुताबिक चोर उनके घर से लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवरात व 14 हजार रुपए चोरी कर ले गए। हैरानी की बात यह है कि पुलिस ने करीब डेढ़ माह बाद इस मामले को दर्ज किया है।

## दो घरों में लाखों के जेवरात व नकदी चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में चोरों ने चोरी की दो घटनाओं को अंजाम दिया। चोर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी को चोरी कर ले गए। घटना के समय दोनों ही परिवार के लोग बाहर गए हुए थे। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ग्रीन आर्च सोसायटी निवासी सुमित कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 2 मार्च को अपने परिवार के साथ शादी समारोह में सम्मिलित होने के लिए अपने गांव असमोली जनपद संभल गया था। शादी समारोह से जब वह ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित अपने आवास पर आए तो उन्हें दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। उन्होंने इसकी सूचना थाना बिसरख पुलिस को दी।

थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में सुमित कुमार ने बताया कि (शेष पृष्ठ-4 पर)

## 9 वरिष्ठ प्रबंधकों समेत 30 कर्मचारियों के हुए अंतरविभागीय तबादले

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने कार्यों में पारदर्शिता तथा तेजी लाने के उददेश्य से 9 वरिष्ठ प्रबंधकों समेत 30 कर्मचारियों को अंतरविभागीय तबादले कर दिये हैं। प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी ने इसकी जानकारी दी है।

नोएडा एक उत्कृष्ट क्षेत्र

तबादला सूची में जनस्वास्थ्य विभाग में परियोजना अभियंता प्रदीप कुमार को बिजली विभाग के प्रथम खंड का वरिष्ठ प्रबंधक बना गया है। बिजली विभाग के प्रथम खंड में कार्यरत वरिष्ठ प्रबंधक रविंद्र कुमार को बिजली विभाग के खंड-3 का वरिष्ठ प्रबंधक बनाया गया है। बिजली विभाग के खंड-3 के वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल को जनस्वास्थ्य विभाग में खंड प्रथम के परियोजना अभियंता की जिम्मेदारी दी गई है।

वर्क सर्किल-9 की जिम्मेदारी सतेंद्र गिरि को दी गई है। इनके पास वर्क सर्किल-3 का भी जिम्मा रहेगा। वर्क सर्किल-9 के वरिष्ठ प्रबंधक विश्वास त्यागी को यहां से हटाकर सिर्फ विज्ञापन विभाग तक सीमित कर दिया गया है। वर्क सर्किल-6 के वरिष्ठ प्रबंधक प्रवीण सलोनिया को यहां से हटाकर वर्क सर्किल-10 की जिम्मेदारी दी है। वर्क सर्किल-10 में कार्यरत केवी सिंह को वर्क सर्किल-6 की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा वर्क सर्किल-8 के वरिष्ठ प्रबंधक कपिल देव सिंह को हटा दिया गया है। वे अब सिर्फ जलखंड-3 के ही प्रभारी रहेंगे। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## लाखों की नकदी व जेवरात लेकर सहायिका फरार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नर्सिंग ब्यूरो के जरिए मरीज की देखभाल के लिए रखी गई महिला सहायिका ने घर से लाखों रुपए के जेवरातों पर हाथ साफ कर दिया। गृहस्वामी ने अपनी मां की देखभाल के लिए रखी गई महिला पर चोरी का शक जताते हुए थाना सेक्टर-113 में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-79 स्थित एलाइट गोल्फ ग्रीन सोसाइटी निवासी गंगा कक्कड़ ने बताया कि जॉन्डिस होने के कारण उनकी मम्मी की तबीयत पिछले काफी समय से खराब चल रही है। उनका ट्रीटमेंट पटपड़गंज दिल्ली स्थित मैक्स अस्पताल में चल रहा है। तबीयत ज्यादा खराब होने पर उन्होंने नर्सिंग ब्यूरो एजेंसी से संपर्क किया। एजेंसी द्वारा बबीता नाम की महिला को उनकी मां की देखभाल के लिए भेज गया। एक दिन आने के बाद बबीता अगले दिन नहीं आई। इस पर उन्होंने बबीता के नंबर पर कॉल किया तो उसने तबीयत खराब होने का बहाना करते हुए बताया कि वह दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में खुद को दिखाने के लिए आई है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## प्रमोद कुमार सिंह बने सेक्टर-126 कोतवाली के प्रभारी

**नोएडा (चेतना मंच)।** पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने एक थाना प्रभारी के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। सेक्टर 126 के थाना प्रभारी की जिम्मेदारी प्रमोद कुमार सिंह को दी गई है।

बीती देर रात थाना सेक्टर 126 के प्रभारी सुबोध कुमार को उनके पद से हटकर साइबर सेल में भेजा गया है। उनके स्थान पर प्रमोद कुमार सिंह को थाना प्रभारी बनाया गया है।

नवनियुक्त थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह का कहना है कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने तथा अपराधों पर अंकुश लगाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## कंपनी के गोदाम से लाखों का माल चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के निर्माण कार्य में लगी कंपनी के गोदाम का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए के समान पर हाथ साफ कर दिया। कंपनी के सिक्योरिटी सुपरवाइजर (शेष पृष्ठ-4 पर)

## वीडियो बनाने व अभद्रता करने पर चालक पर मुकदमा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-126 क्षेत्र में कॉलेज जा रही दो छात्राओं का एक ऑटो चालक ने पीछा किया और वीडियो बनाने लगा। छात्राओं ने वीडियो बनाने का विरोध किया तो ऑटो चालक ने उनके साथ गाली गलौज करते हुए अभद्रता की। आरोपी ऑटो चालक के खिलाफ छात्रा के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया है।

सदरपुर निवासी राकेश (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 15 मार्च की सुबह उसकी बेटी अपनी सहेली के साथ कॉलेज जा रही थी। इस दौरान उनके पड़ोस में रहने वाले एक ऑटो चालक ने उसकी बेटी का पीछा किया और उनकी वीडियो बनाने लगा। उसकी बेटी ने फोन कर उसे इस बात की जानकारी दी जिस पर वह मौके पर पहुंचा और ऑटो चालक से पीछा करने तथा वीडियो बनाने के बारे में पूछा। ऑटो चालक ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। राकेश ने ऑटो चालक सुरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## मंदिर की चोरी का खुलासा दो चोर गिरफ्तार, माल बरामद

**नोएडा (चेतना मंच)।** कलयुग के दौर में भगवान के घर मंदिर को भी ना बक्शने वाले चोरों को आखिरकार अपनी करनी की सजा मिल ही गई। थाना सेक्टर 49 पुलिस ने सेक्टर 47 के श्रीधाम मंदिर में चोरी की घटना का 72 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए मुठभेड़ के बाद दो चोर को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। पकड़े गए बदमाशों के पास से मंदिर से चोरी किए गए जेवरात तमंचा कारतूस व अन्य सामान बरामद हुआ है

डीसीपी नोएडा ने बताया कि थाना प्रभारी अनुज सैनी को सूचना मिली कि बीते दिनों श्री धाम मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश चोरी किए गए सामान को बेचने के लिए बरौला टी पॉइंट के पास आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए तीन बदमाशों को घेर लिया। खुद को घिरा देखकर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और घायल होकर गिर गया। इस दौरान बदमाशों का एक साथी मौके से फरार हो गया जबकि दो को पुलिस ने दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से दो तमंचे, कारतूस, मंदिर से चोरी किए गए पीली धातु के (शेष पृष्ठ-4 पर)

## विभिन्न इलाकों में 7 बाइक चोरी चोरों के आगे पुलिस हो रही नाकाम

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जनपद में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में पुलिस पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। जनपद में कर आए दिन लाखों रुपए के वाहनों पर हाथ साफ कर रहे हैं। अलग-अलग स्थान से चोर एक अधिवक्ता सहित 7 लोगों की बाइक को चोरी कर ले गए। थाना बिसरख क्षेत्र से चिपियाना बुजुर्ग गांव से संजय कुमार के घर के बाहर खड़ी बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

थाना फेस-2 क्षेत्र के होजरी कंपलेक्स के बाहर एक कंपनी की पार्किंग से बाइक चोरी हो गई। इस संबंध में धर्मेंद्र सिंह अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इसी थाना क्षेत्र के जीतराम कॉलोनी भंगेल में रहने वाले नरेंद्र चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्होंने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह जब वह सो कर उठे तो उनकी बाइक गायब थी।

सूरजपुर स्थित जिला न्यायालय में प्रेक्टिस करने वाले अधिवक्ता अमित यादव की बाइक न्यायालय परिसर की पार्किंग से चोरी हो गई। बाइक के यूटिलिटी बॉक्स में 15 हजार रुपए भी रखे हुए थे। अधिवक्ता ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना सूरजपुर में मामला दर्ज कराया है।

सेक्टर 34 निवासी दिनेश कुमार ने थाना सेक्टर 24 में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मुताबिक उसने अपनी बाइक सेक्टर 34 के गेट पर खड़ी की थी और अपने घर चला गया था। कुछ देर बाद जब वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी।

त्रिलोकपुरी दिल्ली निवासी पंकज कुमार ने थाना सेक्टर 49 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने अपनी बाइक बरौला गांव के पास खड़ी की थी। चोरों ने उसकी बाइक पर हाथ साफ कर दिया। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## ईंट नहीं खरीदी तो दो सगे भाईयों को किया अधमरा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर से ईंट ना खरीदना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। दूसरे सप्लायर से ईट खरीदने पर सप्लायर ने अपने साथियों के साथ मिलकर युवक व उसके भाई की पिटाई कर दी। मारपीट में दोनों भाइयों को चोटे आई हैं। पीड़ित ने थाना सूरजपुर में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

दर्ज रिपोर्ट में बृजेश कुमार ने बताया कि उसका एक प्लॉट लखनावाली गांव में है। वह इस प्लॉट पर निर्माण कार्य करा रहा है। उसने ईंटों के लिए बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर डेंजर से बात की थी। ईंटों का रेट अधिक होने के कारण उसने किसी अन्य सप्लायर से ईंट खरीद ली। वह अपने मामा के लड़के राहुल के साथ ईंट उतरवाने के लिए लखनावली स्थित अपने प्लॉट पर आया था। इस दौरान डेंजर अपने साथी नाजिम, इश्तहार व ईशु के साथ मौके पर पहुंचा और अन्य सप्लायर से ईंट खरीदने पर उसके साथ गाली गलौज करने लगा। बृजेश कुमार के मुताबिक उसने कहा कि उसे जहां से ईट सस्ती मिलेगी वह वहां से ही खरीदेगा। इस बात पर डेंजर भड़क गया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा । (शेष पृष्ठ-4 पर)

## शराब व गांजा के 26 तस्कर गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा इन दिनों मादक पदार्थ विक्रेताओं, तस्करों तथा सक्रिय बदमाशों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया हुआ है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग स्थान से अवैध हथियार, शराब, गांजा के साथ महिला सहित 26 लोगों को गिरफ्तार किया है।

थाना बिसरख पुलिस ने गस्त के दौरान आपराधिक वारदात को अंजाम देने की इरादे से घूम रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तमंचा कारतूस और गांजा बरामद हुआ है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि गस्त के दौरान पुलिस ने चूपियाना बुजुर्ग के पास बिना नंबर की बाइक पर सवार दो युवकों को संदेह के आधार पर जांच के लिए रोका।तलाशी में इनके पास से तमंचा और कारतूस व गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम दानिश व राशिद बताया।

थाना रबूपुरा पुलिस ने शराब सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चामुंडा मंदिर के पास से पप्पू को 4 पेटी अंग्रेजी शराब



के साथ गिरफ्तार किया है। इसके अलावा पुलिस ने रुस्तमपुर अंदईपास से कुलदीप को 50 पव्वे देसी शराब के साथ बंदी बनाया।

थाना बीटा 2 पुलिस ने नट की मढैया गोल चक्कर के पास से मुखबिर की सूचना पर विमला नामक महिला को गिरफ्तार किया। महिला पुलिसकर्मी द्वारा तलाशी लेने पर इसके पास से 1 किलो 150 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पकड़ी गई महिला ने बताया कि वह गांजे की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर उन्हें मजदूर में रिक्शा चालकों को बेचती है।

थाना फेस-1 पुलिस ने सेक्टर 10 स्थित बांस बल्ली मार्केट के पास से रोशन को 45 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## घर में घुसकर हमला व फायरिंग

### नामजद रिपोर्ट के बाद भी पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बीटा-2 में एक महिला ने अपने पति पर जानलेवा हमला करने के आरोप में 7 नामजद व 6 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता के मुताबिक सेक्टर के दबंग आरोपियों ने उसके पति को जान से मारने की नीयत से अवैध असलाह से गोली चलाई लेकिन वह बाल बाल बच गए।

सेक्टर पी 4 में रहने वाली जागृति तिवारी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 13 मार्च की रात्रि को उनके पति सुधांशु तिवारी घर के बाहर टहल रहे थे। इस दौरान सेक्टर के रहने वाले हरेंद्र नागर, अरुण, पवन, कृष्णा, विनोद भाटी, भूपेश भाटी, संजय तलवार सहित करीब 6 अज्ञात लोगों ने उन्हें घेर लिया और गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों में से एक ने जान से मारने की नीयत से अवैध हथियार से उनके पति सुधांशु तिवारी पर गोली चला दी लेकिन वह बाल बाल बच गए और बेहोश होकर गिर गए। शोर शराबा सुनकर रोहित व अंजलि यादव मौके पर पहुंचे। इसके बाद आरोपी भविष्य में फिर से जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। जागृति तिवारी के मुताबिक पड़ोस के लोगों की सहायता से वह अपने पति को अस्पताल लेकर पहुंची जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़िता के मुताबिक इस घटना से दो दिन पहले ही सेक्टर में रहने वाले विनोद भाटी, रूपेश व संजय तलवार ने उन्हें धमकी दी थी कि वह सेक्टर छोड़ कर चले जाए नहीं तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

सत्र 2024-2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा
NOIDA FLOWER SHOW
फ़ोन .08750611103

## सीएस पर सवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की व्याख्या ही बदलने की कोशिश की है। उन्होंने कुछ सवाल उठाए हैं, जो भावोत्तेजक हैं। उनकी मंशा हिंदू–मुसलमान से आगे बढक़र आर्थिक संसाधनों और स्थितियों पर केंद्रित करने की है, ताकि राजनीति की दिशा और दशा बदली जा सके। हालांकि ऐसी संभावनाएं नगण्य हैं। संयुक्त राष्ट्र नागरिकता को व्यक्तिपरक सुरक्षा का बुनियादी तत्त्व मानता है और प्रताड़ित, शोषित, मानवाधिकार कुचलन के शिकार लोगों को 'शरणार्थी' के तौर पर किसी भी देश में प्रवेश करने को 'मानवीय कर्म' मानता है। संयुक्त राष्ट्र ऐसे अंतरराष्ट्रीय समझौते का भी जिक्र करता है, जिसके तहत शरणार्थियों को नागरिकता भी दी जा सकती है। केजरीवाल ने उत्तेजित अवस्था में कहा है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान के लोगों को भारत में बसाने का कानून बनाया गया है। कल हमारे देश में चोरियां, डकैतियां, बलात्कार होंगे। जगह–जगह दंगे भी भडक़ेंगे। देश की सुरक्षा–व्यवस्था का क्या होगा? केजरीवाल का आकलन है कि अब जो पलायन होगा, वह भारत–विभाजन से भी बड़ा और खतरनाक होगा। केजरीवाल के मुताबिक, तीनों पड़ोसी देशों से 2.5 करोड़ से अधिक लोगों का पलायन हो सकता है। भारत सरकार उन्हें कहां रखेगी? कहां घर देगी? कहां खाने को अनाज देगी? कितनी नौकरियां और रोजगार दिए जा सकेंगे? देश के आर्थिक संसाधन तो सीमित हैं। हमारे नौजवानों के लिए नौकरी, रोजगार के पर्याप्त अवसर नहीं हैं और भाजपा ने देश के भीतर एक और पाकिस्तान को बसाने का कानून बनाया है। केजरीवाल ने सीएए को भाजपा का वोट बैंक तैयार करने की रणनीति करार दिया है। बहरहाल केजरीवाल के अपने तर्क और राजनीति–शास्त्र हो सकते हैं। वह सीएए पर सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाली भीड़ में शामिल नहीं होना चाहते, लिहाजा आर्थिक संसाधनों के आधार पर भावोत्तेजक राजनीति कर रहे हैं। विभाजन के दौर का वीभत्स और त्रासद सरकारी आंकड़ा यह है कि पाकिस्तान, पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश), अफगानिस्तान तीनों पड़ोसी देशों से 72 लाख के करीब लोगों ने पलायन किया था। हालांकि अनौपचारिक आंकड़े ये हैं कि तब 2 या 2.5 करोड़ से अधिक लोगों ने पलायन किया होगा! ये आंकड़े विभिन्न संगठनों और मीडिया प्रतिनिधियों ने जुटाए थे। भारत–विभाजन से ज्यादा खौफनाक घटनाक्रम उस दौर में कोई और नहीं हुआ। हालांकि कुछ सालों के बाद तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा और हजारों नागरिकों ने, चीन से पलायन करके, भारत में शरण मांगी थी। तब के गरीब भारत ने उन्हें भी सम्मान से 'शरणार्थी' बनाया। आज भी तिब्बत की निर्वासित सरकार हिमाचल के धर्मशाला में काम कर रही है। आज भी भारत के कई शहरों में तिब्बती ऐसे बसे हैं मानो वे भारत के ही नागरिक हों! दरअसल सीएए कोई निरंतर प्रक्रिया नहीं है। जिन्होंने 31 दिसंबर, 2014 तक आवेदन किया है अथवा भारत में शरणार्थी बने हैं, उन्हीं पर सीएए के तहत फिलहाल विचार किया जाएगा। यह तारीख सरकार ने तय की है, लेकिन वह यह भी मानती है कि इन तीन पड़ोसी देशों में धार्मिक अल्पसंख्यक समूहों का उत्पीडऩ, अपहरण, धर्मांतरण, जबरन निकाह, पूजा–स्थलों के विध्वंस और अन्य अत्याचार लगातार जारी रहे हैं। फिर यह तारीख किस आधार पर तय की गई है? 1947 के बाद वाले दौर में भारत अपेक्षाकृत बहुत गरीब था, लेकिन आज तो विश्व की 5वीं सबसे बड़ी आर्थिक ताकत है। सीएए पर जनता को उकसाना, भडक़ाना नहीं चाहिए।

# सीएए के खिलाफ दुष्प्रचार अभियान देश हित में नहीं है

भारतीय जनता पार्टी ने 2019 लोकसभा चुनाव के समय अपने घोषणापत्र में किये गये एक और वायदे को पूरा कर लिया है। 2024 के लोकसभा चुनाव की दहलीज पर खड़े देश में आचार संहिता लागू होने से कुछ दिनों पहले सीएए के नियमों को अधिसूचित कर दिया है। बीजेपी इसे मोदी की गारंटी बता रही है। 2019 में बीजेपी ने कुछ जो बड़े वादे किये थे उसमें जम्मू–कश्मीर से धारा 370 खत्म किया जाना, अयोध्या में रामलला के मंदिर निर्माण में आ रही बाधा को दूर करना, तीन तलाक को खत्म करने का कानून बनाना और अब सीएए को भी अमली जामा पहना दिया गया है। सबसे बड़े वादे की बात की जाये तो समान नागरिक संहिता (एनआरसी) को मोदी सरकार पांच वर्षों तक पूरा नहीं कर पाई। अपवाद के रूप में उत्तराखंड में जरूर यूसीसी लागू हो गया है। मोदी सरकार ने जिस तरह से वायदों को पूरा किया है उसके चलते वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद 2024 के आम चुनाव में काफी कुछ बदला गया है, लेकिन दस सालों में मोदी सरकार मुसलमानों को विश्वास नहीं हासिल कर सकी। भाजपा से मुस्लिम मतदाताओं की दूरी का सिलसिला आज भी बदस्तूर जारी है। बीजेपी को तमाम चुनावों में करीब 8 प्रतिशत मुसलमानों ने ही वोट दिया, लेकिन सरकार इससे संतुष्ट नजर आ रही है। सरकारी नुमांइदे कहते हैं कि देश में जिस तरह से तुष्टिकरण की सियासत को बढ़ावा दिया गया था, ऐसे में बीजेपी के लिये मुसलमानों का दिल जीतना आसान नहीं है। इसीलिये सीएए जैसे कानून की भी मुसलमानों के बीच मुखालफत होने लगती है, जबकि इसका भारत के किसी भी नागरिक से कोई लेना–देना ही नहीं है। सीएए किसी की नागरिकता लेने के लिये नहीं बल्कि अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों को भारत की नागरिकता देने वाला कानून है, जो अपने देशों में अल्पसंख्यक होने के कारण वर्षों से पीड़ित हो रहे हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 2019 में जब नागरिकता संशोधन बिल लाया गया तो इसके खिलाफ पूरे देश में आंदोलन हुए थे। तब आंदोलन में शामिल मुस्लिमों का मानना था कि यह कानून भेदभावपूर्ण है। इसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से




**बीजेपी को तमाम चुनावों में करीब 8 प्रतिशत मुसलमानों ने ही वोट दिया, लेकिन सरकार इससे संतुष्ट नजर आ रही है। सरकारी नुमांइदे कहते हैं कि देश में जिस तरह से तुष्टिकरण की सियासत को बढ़ावा दिया गया था, ऐसे में बीजेपी के लिये मुसलमानों का दिल जीतना आसान नहीं है।**

आने वाले गैर मुस्लिमों को तो नागरिकता देने का प्रावधान है, लेकिन मुसलमानों को यह सुविधा नहीं दी गई है। उनके मन में यह बात घर कर गई कि इस कानून से मुसलमानों की नागरिकता भी खतरे में पड़ सकती है। यही वजह रही कि 2019 के बाद हुए राज्यों के विधानसभा चुनावों में भी मुसलमानों का पहले वाला वोटिंग पैटर्न कायम रहा। वर्ष 2020 में बिहार के विधानसभा चुनाव में 77 प्रतिशत मुस्लिम वोट महागठबंधन को मिले थे। 2021 के पश्चिम बंगाल के चुनाव में 75 प्रतिशत मुस्लिम वोट तृणमूल कांग्रेस को मिले। वर्ष 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में 79 प्रतिशत मुसलमानों ने सपा को वोट किया। इसकी वजह थी कि ये पार्टियां भाजपा के खिलाफ मुसलमानों को बरगलाने में सफल रही थीं।

हालांकि, अब माहौल काफी बदल गया है। अपवाद को छोड़कर तमाम मुस्लिम धर्मगुरु अपनी कौम को यह बता रहे हैं कि वह इस कानून को लेकर किसी तरह का भ्रम नहीं पालें, क्योंकि इससे किसी मुसलमान का कोई नुकसान नहीं होगा। किसी की नागरिकता नहीं जायेगी, लेकिन ओवैसी जैसे नेता जरूर सीएए के नाम पर मुसलमानों को भड़काने में लगे हैं। सीएए को लेकर अधिसूचना जारी होते ही विपक्षी पार्टियों ने भी मुस्लिमों के मन में उठ रही शंकाओं को मुद्दे का रूप देना शुरू कर दिया है ताकि लोकसभा चुनाव में नफा–नुकसान के लिहाज से अपनी रणनीति तैयार कर सकें। इससे कई लोकसभा सीटों पर गैर बीजेपी पार्टियों को फायदा मिल सकता है। बात उत्तर प्रदेश की कि जाये तो यहां करीब 29 लोकसभा सीटें मुस्लिम बाहुल्य हैं। यही वजह है कि भाजपा ने पसमांदा मुस्लिम समाज को साधने के लिए दो साल पहले से तैयारी शुरू कर दी थी। योगी सरकार–टू में पसमांदा समाज के दानिश आजाद अंसारी को राज्यमंत्री बनाया गया। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. तारिक मंसूर को भाजपा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाने के साथ विधान परिषद में भेजा गया। यूपी में सहारनपुर, संभल, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, कैराना, बरेली, पीलीभीत, बिजनौर, नगीना, मुजफ्फरनगर, मेरठ, श्रावस्ती, बहराइच, डुमरियागंज, बागपत, बुलंदशहर, अलीगढ़, कैसरगंज, गोंडा, बाराबंकी, बदायूं व आंवला आदि 29 सीटें मुस्लिम बहुल हैं।

इतना ही नहीं स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष और सभासद पद पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारे थे। पांच नगर पंचायत अध्यक्ष और 90 सभासद एवं पार्षद चुने गए। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से मोदी सरकार के दस वर्ष के कार्यकाल में अल्पसंख्यकों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शुक्रिया मोदी भाई जान अभियान चलाया जा रहा है। वहीं कौमी चौपाल और स्नेह संवाद के जरिये भी मुस्लिमों के बीच मोदी सरकार की उपलब्धियां पहुंचाई जा रही हैं। यूपी में पीएम आवास में से लगभग 19 लाख आवास मुसलमानों को मिले। 2.61 करोड़ मुस्लिमों को मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है। 2 लाख गरीब मुस्लिमों की शादी में आर्थिक मदद दी गई है। आयुष्मान भारत में 28, किसान सम्मान निधि में 22 और शौचालय निर्माण योजना में 23 फीसदी हिस्सेदारी मुस्लिमों की है।

भाजपा के रणनीतिकार मुसलमानों को समझा रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुसलमानों के लिए सऊदी अरब से आग्रह कर न सिर्फ हज का कोटा बढ़वाया, बल्कि उस पर लगने वाली जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया। मोदी सरकार ने ही 6 लाख से ज्यादा वक्फ बोर्ड और वक्फ संपत्तियों के कागजातों का डिजिटलीकरण करवाने का काम किया है। वहीं सीएए को लेकर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारिणी सदस्य एवं लखनऊ की ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने मुसलमानों से कहा कि सीएए पर अधिसूचना जारी होने पर नजरिया पेश करना अभी सही नहीं है। सीएए पर जारी मसौदे के अध्ययन के बाद ही नजरिया पेश किया जा सकता है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि सीएए को लेकर किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें अमन बनाए रखें।

**–अजय कुमार**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि जिसका श्री रघुनाथजी के चरणों में अत्यंत प्रेम है, उसको कालधर्म (युगधर्म) नहीं व्यापते। हे पक्षीराज! नट (बाजीगर) का किया हुआ कपट चरित्र (इंद्रजाल) देखने वालों के लिए बड़ा विकट (दुर्गम) होता है, पर नट के सेवक (जंभूरे) को उसकी माया नहीं व्यापती॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0–हरि माया कृत दोष गुन बिनु हरि भजन न जाहिं।**
**भजिअ राम तजि काम सब अस बिचारि मन माहिं॥**

श्री हरि की माया के द्वारा रचे हुए दोष और गुण श्री हरि के भजन बिना नहीं जाते। मन में ऐसा विचार कर, सब कामनाओं को छोड़कर (निष्काम भाव से) श्री रामजी का भजन करना चाहिए॥

**तेहिं कलिकाल बरष बहु बसेउँ अवध बिहगेस।**
**परेउ दुकाल बिपति बस तब मैं गयउँ बिदेस॥**

हे पक्षीराज! उस कलिकाल में मैं बहुत वर्षों तक अयोध्या में रहा। एक बार वहाँ अकाल पड़ा, तब मैं विपत्ति का मारा विदेश चला गया॥

**गयउँ उजेनी सुनु उरगारी। दीन मलीन दरिद्र दुखारी॥**
**गएँ काल कछु संपति पाई। तहँ पुनि करउँ संभु सेवकाई॥**

हे सर्पों के शत्रु गरुड़जी! सुनिए, मैं दीन, मलिन (उदास), दरिद्र और दुःखी होकर उज्जैन गया। कुछ काल बीतने पर कुछ संपत्ति पाकर फिर मैं वहीं भगवान्? शंकर की आराधना करने लगा॥

**बिप्र एक बैदिक सिव पूजा। करइ सदा तेहि काजु न दूजा॥**
**परम साधु परमारथ बिंदक। संभु उपासक नहिं हरि निंदक॥**

एक ब्राह्मण वेदविधि से सदा शिवजी की पूजा करते, उन्हें दूसरा कोई काम न था। वे परम साधु और परमार्थ के ज्ञाता थे, वे शंभु के उपासक थे, पर श्री हरि की निंदा करने वाले न थे॥

**तेहि सेवउँ मैं कपट समेता। द्विज दयाल अति नीति निकेता॥**
**बाहिज नम्र देखि मोहि साईं। बिप्र पढ़ाव पुत्र की नाईं॥**

मैं कपटपूर्वक उनकी सेवा करता। ब्राह्मण बड़े ही दयालु और नीति के घर थे। हे स्वामी! बाहर से नम्र देखकर ब्राह्मण मुझे पुत्र की भाँति मानकर पढ़ाते थे॥

क्रमशः

## विद्यार्थियों के लिए फिटनेस कार्यक्रम

वर्षों से स्कूली स्तर पर फिटनेस कार्यक्रम शुरू करने की बात इस कॉलम के माध्यम से हो रही है, मगर हिमाचल प्रदेश का कोई भी सरकारी या निजी स्कूल अपने यहां फिटनेस कार्यक्रम लागू करने में नाकाम रहा है। कई बार नए शिक्षा सत्र शुरू होकर खत्म हो गए, मगर फिटनेस कार्यक्रम कहीं भी शुरू नहीं हो पाया है। मगर इस वर्ष हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य के विद्यालयों में विद्यार्थियों की सामान्य फिटनेस के लिए पहले की तरह अनिवार्य रूप से ड्रिल के पीरियड का प्रावधान किया है। शिक्षण विषयों के रिपोर्ट कार्ड की तरह स्वास्थ्य के मानकों का रिपोर्ट कार्ड भी प्रत्येक विद्यार्थी का हर स्कूल में अनिवार्य रूप से हो, क्योंकि भाषा व अन्य शिक्षण विषयों की तरह ही स्वास्थ्य के मूल स्तंभ स्पीड, सट्रेंथ, इडोरैंस व लचक आदि का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी उसी उम्र में शुरू करना होता है। शिक्षण विषयों के लिए तो स्कूलों के पास शिक्षक सहित पूरा प्रबंध है, मगर स्वास्थ्य के घटकों को विकसित करके उनका मूल्यांकन करने की कोई भी सुविधा आज तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस कॉलम के माध्यम से कई बार इस विषय पर स्कूलों व अभिभावकों को चेताया जा चुका है, मगर कोई भी समझने के लिए तैयार नहीं है।

किसी भी देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है, जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है, इसलिए सरकार, स्कूल प्रबंधन व अभिभावकों को इस विषय पर जरूरी कदम जल्दी ही उठा लेने चाहिएं। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते–आते समझदार हो गया होता है। माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं में व्यस्त रखने के साथ–साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ–साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वे आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सकें। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य रहा है। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ–साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे–धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है।



*कम से कम बीस मिनटों तक तेज चलने, दौड़ने व शारीरिक क्रियाओं के करने से रक्त वाहिकाओं में रक्त संचार तेज हो जाता है। उससे हर मसल को उपयुक्त मात्रा में प्राणवायु मिलने से उसका समुचित विकास होता है। विद्यार्थी को कल का अच्छा नागरिक बनाना है तो उसे फिटनेस कार्यक्रम देना होगा।*

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाडिय़ों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। हिमाचल प्रदेश में भी पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश की खेलों के लिए अपने पहले कार्यकाल से ही कई महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश में कई खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा देश में प्रशिक्षक कैडर डाईंग हो जाने के बाद पहली बार प्रशिक्षकों की भर्ती जैसे बहुत बड़े खेल सुधार किए। हिमाचल प्रदेश की खेल सुविधाओं का प्रयोग राज्य में स्वास्थ्य व खेलों के लिए बड़े स्तर पर करना चाहिए।

हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना है। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे–शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करते थे। छात्र विद्यालय आने–जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था। इसलिए उस समय के विद्यार्थी को किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम की कोई जरूरत नहीं थी। आज का विद्यार्थी घर के आंगन में बस पर सवार होकर विद्यालय के प्रांगण में उतरता है।

पढ़ाई के नाम पर ज्यादा समय खर्च करने के कारण फिटनेस के लिए कोई समय नहीं बचता है। अधिकांश स्कूलों के पास फिटनेस के लिए न तो आधारभूत ढांचा है और न ही कोई कार्यक्रम है। आज का विद्यार्थी फिटनेस व मनोरंजन के नाम पर दूरसंचार माध्यमों का कमरे में बैठ कर खूब दुरुपयोग कर रहा है। ऐसे में विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की बात मजाक लगती है। आज के विद्यार्थी के लिए विद्यालय या घर पर आधे घंटे के फिटनेस कार्यक्रम की सख्त जरूरत है। इसमें 15 से 20 मिनट धीरे–धीरे दौडऩा तथा विभिन्न कोणों पर शरीर के जोड़ों की विभिन्न क्रियाओं को पूरा करने के बाद शरीर को कूलडाऊन करना होगा। कम से कम बीस मिनटों तक तेज चलने, दौडऩे व शारीरिक क्रियाओं के करने से रक्त वाहिकाओं में रक्त संचार तेज हो जाता है। उससे हर मसल को उपयुक्त मात्रा में प्राणवायु मिलने से उसका समुचित विकास होता है। आज के विद्यार्थी को अगर कल का अच्छा नागरिक बनाना है तो हमें स्कूली पाठ्यक्रम में पढ़ाई के साथ–साथ उसके लिए सही फिटनेस कार्यक्रम भी देना होगा। तभी हम सही अर्थों में अपनी अगली पीढ़ी को संपूर्ण शिक्षित कर सकते हैं।

**–भूपिंद्र सिंह**
**अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रशिक्षक**

## राशिफल

फाल्गुन कृष्ण पक्ष : सप्तमी

(विक्रम संवत् 2080)

**मेष– (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
व्यावसायिक सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान दोनों ही लाभप्रद रास्ते में चल पड़े हैं।

**वृष– (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान अच्छा।

**मिथुन– (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट–चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य में ध्यान दें।

**कर्क– (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
नवप्रेम का अवसर मिलेगा। शादी–ब्याह तय हो सकता है। नौकरी–चाकरी की स्थिति सुदृढ़ होगी।

**सिंह– (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। प्रेम,संतान का साथ होगा। व्यापार अच्छा होगा। स्वास्थ्य थोड़ा सा नरम–गरम।

**कन्या– (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू–तू, मैं– मैं का संकेत है। भावुक होकर कोई निर्णय मत लीजिएगा।

**तुला– (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी संभव है। घर में कुछ उत्सव संभव है, लेकिन गृह–कलह भी दिख रही है। स्वास्थ्य अच्छा।

**वृश्चिक– (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। भाई–बहन साथ देंगे। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान अच्छा।

**धनु– (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
धन आगमन होगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। अपनों का साथ होगा। प्रेम, संतान, व्यापार सबकुछ बहुत अच्छा। स्वास्थ्य में सुधार।

**मकर– (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
सितारों की तरह चमकेंगे। जरुरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी। जो चाहेंगे वो करेंगे। प्रेम, संतान साथ।

**कुम्भ– (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। स्वास्थ्य नरम–गरम। प्रेम, संतान ठीक–ठाक।

**मीन– (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य में सुधार।

# सामूहिक संगोष्ठी का आयोजन

भदोही। भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक सामूहिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में



शिक्षक प्रकोष्ठ, विधि विभाग, विधि प्रकोष्ठ एवं प्रबुद्ध प्रकोष्ठ की सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता धर्मराज पांडेय क्षत्रीय सह संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र, कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपक मिश्रा जिला अध्यक्ष ने की।

डॉ. शैलेन्द्र दुबे प्रबुद्ध प्रकोष्ठ, जिला संयोजक आनन्द कुमार शुक्ल विधि विभाव, जिला संयोजक प्रकाश तिवारी विधि प्रकोष्ठ एवं जिला संयोजक कमलेश उपाध्याय शिक्षक प्रकोष्ठ ने अपनी अपनी संबोधन में भाजपा को 2024 लोकसभा में 400+ के पार सांसद चुनकर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुन: प्रधानमंत्री बनाकर भारक को विश्व गुरु एवं विकसित भारत की ओर अग्रसर करने में भदोही लोकसभा का भी योगदान रहे। ऐसी सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष भदोही को अस्वस्थ किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ता, शिक्षक व प्रबुद्ध लोगों में डॉ. अतुल पांडेय, अनिल पांडेय,जटाशंकर शुक्क, रणवीर कुनार सिंह, नरेन्द्र दुबे (सल्लू), आशुतोष पांडेय, मनीष पांडेय, क्षत्रपति सिंह आदी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धरनास्थल पर महापंचायत 27 को

**नोएडा ( चेतना मंच )।** शाहदरा गांव में मार्केट तोड़े जाने के विरोध में चल रहा भारतीय किसान यूनियन (बलराज) का धरना स्थल पर आगामी 27 मार्च को यूनियन ने महापंचायत बुलाई है। सर्वविदित है कि शाहदरा गांव में बनी मार्केट को नोएडा प्राधिकरण द्वारा तोड़े जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (बलराज) का गत कई दिनों से धरना चल रहा है।



यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हातिम सिंह भाटी ने आरोप लगाया है कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी बिना नोटिस दिए मार्केट को तोड़ दिए। उन्होंने कहा कि इस पर हाईकोर्ट इलाहाबाद का स्थगन आदेश भी था उसके बावजूद भी मार्केट को तोड़ा गया। उन्होंने कहा कि 27 मार्च को धरना स्थल पर ही महापंचायत बुलाई गई है। महापंचायत में अगली रणनीति पर चर्चा कर आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन (बलराज) इस महापंचायत में 1000 से अधिक कार्यकर्ता पहुंचेंगे।



भारतीय किसान यूनियन ( बलराज ) संगठन के बैनर तले शहदरा में चल रहा धरना आज भी जारी रहा।

# विकास कार्यों का किया लोकार्पण



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सांसद डा. महेश शर्मा व श्रीचंद शर्मा ने कल विधायक विकास निधि योजना से लगभग 1 करोड़ रुपये की धनराशि के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ता गण व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# नवनिर्वाचित एमएलसी का हुआ स्वागत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नवनिर्वाचित विधान परिषद सदस्य मोहित बेनीवाल का कल प्रथम आगमन पर भाजपा के जिला गजेन्द्र मावी, दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर के नेतृत्व में ढोल नगाड़े फूल माला के साथ भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नरेन्द्र भाटी जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य सतेंद्र नागर सेवानंद शर्मा क्षेत्रीय किसान मोर्चा अध्यक्ष तेजा गुर्जर रवि जिन्दल महेश शर्मा राज नागर आनन्द भाटी रजनी तोमर संगीता रावल पूनम सिंह अर्पणा सिंह जितेन्द्र भाटी आदि सैकड़ों कार्यकर्ता जीरो पॉइंट स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित रहे।




## पूर्वोत्तर रेलवे

**ई-ऑक्शन सूचना**

**सं. इज्जत./सी/ई-ऑक्शन/2024/04 दिनांक 14.03.2024**

वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से एन.एफ.आर. के अंतर्गत ट्रेनों में विविध वस्तुओं (खाद्य और PDW आईटम को छोड़कर) बिक्री हेतु बोलियाँ आमंत्रित की जा रही हैं। ऑक्शन कैटेलाग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मण्डल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है :–

**श्रेणी :** NFR, **कैटलॉग सं. :** IZN-HY-VEND-01, **एसेट विवरण :** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मण्डल के अधिकार क्षेत्र में सभी खंडों की ट्रेनों में (राजधानी, शताब्दी, वन्दे भारत, दुरंतो और इसी तरह की विशेष ट्रेनों को छोड़कर) लैपटॉप और मोबाईल सहायक उपकरण, सौन्दर्य प्रसाधन, कृत्रिम आभूषण और सहायक उपकरण, प्रसाधन सामग्री, स्टेशनरी, किताबें, शो के टुकड़े, खिलौने, जूते, बैग और काले चश्मे आदि जैसे विभिन्न विविध वस्तुओं (खाद्य और PDW आइटम को छोड़कर) की बिक्री के लिए ई-ऑक्शन, **ऑक्शन प्रारंभ :** 22.03.24 12:00:00, **ऑक्शन समापन :** 22.03.24 12:30:00.

**1.** बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-ऑक्शन से संबंधित जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। **2.** उक्त ई-ऑक्शन, आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। **3.** ई-ऑक्शन संबंधित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्तें आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **4.** बोलीदाता उक्त दिए गए दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। **5.** सभी संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से संबंधित किसी भी शुद्धि पत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहें।

**मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, इज्जतनगर**

**मुजाधि/वाणिज्य-300**

*गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें*


# लोस चुनाव को लेकर हुई भाजपा की बैठक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा के जिला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर लोकसभा चुनाव को लेकर एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक के मुख्यअतिथि प्रभारी प्रमोद गुप्ता रहे।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की।



बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा ने किया ज़िला प्रभारी प्रमोद गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा 2024 चुनाव में भाजपा अबकी बार 400 पार के साथ मैदान में है और अबकी बार 400 पार जनता के मन में है और ये सब विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबके लिये विकास कार्य करके देश की जनता में विश्वास पैदा किया है। आज देश में चारों तरफ़ विकास ही विकास हुआ आज देश में औद्योगिकरण में नयेनये उद्योग लग रहे बहने नारी शक्ति अधिनियम से संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण से सशक्तिकरण के साथ आगे बढ़ रही हैं अयोध्या में राम मंदिर के साथ आध्यात्मिक रूप से आगे बढ़ें है देश आज आर्थिक क्षेत्र में आगे बढ़कर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिये निरंतर आगे बढ़ रहा है हमारी पार्टी देवतुल्य जनता और देवतुल्य कार्यकर्ताओं के बल एक बार फिर मोदी सरकार बनेगी और गौतमबुधनगर से पूर्व मंत्री लोकप्रिय प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा जीतेंगे। एक बड़ी जीत के लिये हम सबको प्रत्याशी बनकर घर घर जाकर सरकार की उपलब्धियों को बताकर सभी वर्गों में जाकर चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के लिये वोट माँगने हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से एक उत्तर प्रदेश पिछड़ा आयोग सदस्य बिजेंद्र भाटी बिजेंद्र प्रमुख जिला महामंत्री मनोज गर्ग धर्मेन्द्र कोरी जिला उपाध्यक्ष सुनील भाटी सेवानन्द शर्मा पवन नागर सतेंद्र नागर मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य पंकज रावल रवि जिन्दल गुरुदेव भाटी राज नागर सुनील शर्मा इन्द्र नागर विजय रावल महेश शर्मा मनोज भाटी मुकेश चौहान अमित शर्मा पवन त्यागी महेन्द्र नागर मेघराज भाटी रजनी तोमर जितेन्द्र भाटी सुनील सोनक राजेश ठेकेदार डॉक्टर संगीता रावल पूनम सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।







## दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com



## देश की कामयाबी में भागीदार बनने का सुनहरा अवसर



### "एक स्टेशन एक उत्पाद" योजना का विशिष्ट आयोजन

भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 के बजट में एक स्टेशन एक उत्पाद योजना की घोषणा की गई थी। इस योजना में भारतीय रेलवे के समस्त स्टेशन पर Vocal for Local Vision के तहत स्थानीय उत्पाद को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नीति सं0 12 of 2022 दि0 20.05.2022, 15 of 2022 दि0 10.08.2022, 18 of 2022 दि0 20.09.2022, 09 of 2023 दि0 24.05.2023 एवं 29.09.2023 के अंतर्गत स्थानीय व्यक्तियों, स्वयं सेवी संस्था, स्वयं सेवी समूह, एनजीओ आदि को स्टाल एवं शो केस उपलब्ध कराना है। उत्तर मध्य रेलवे भी इस योजना के तहत निम्न स्टेशनों पर स्टाल/कीओस्क के माध्यम से विक्रय/सहप्रचार केंद्र की सुविधा उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित है।

**स्टेशनों की सूची**

चुनार, विन्ध्याचल, दादरी, डावर, दनकौर, वैर, चोला, मंडराक, सोमना, अजायबपुर, मारीपत, सोनभद्र रेलवे स्टेशन।

**योजना की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैः-**

1. इस योजना के अंतर्गत रेलवे प्रशासन नामित स्टेशनों पर स्वतः स्टाल/ट्राली बनवाकर उपलब्ध कराएगी।
2. पंजीकरण शुल्क एवं स्टाल/कीओस्क की अवधि न्यूनतम 15 दिन (पंजीकरण शुल्क 500/-) व अधिकतम 03 माह (पंजीकरण शुल्क 3000/-) है।
3. अधिकतम 02 सेल्स मैन (प्लेटफार्म वेंडर सहित) प्रत्येक स्टाल प्रत्येक शिफ्ट में कार्य हेतु अधिकृत होंगे।
4. विद्युत प्रभार उपभोग के आधार पर लिया जाएगा जैसा की नीति सं. 09 ऑफ 2023 दि0 24.05.2023 में निर्देशित है।
5. प्रभावी टैक्स की देनदारी आवंटी की होगी, इसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा।
6. इस स्टाल पर स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्प, हैंडलूम, स्थानीय कृषि उत्पाद, स्थानीय कारीगरी, संशाधित एवं अर्ध संशाधित खाद्य पदार्थ, (मीलेट्स उत्पाद) परंपरागत परिधान, लकड़ी अथवा मिट्टी से बनी वस्तुए, खिलौने, स्थानीय फल व ऐसी वस्तुए जो हमारे स्टेशन स्टाल पर विक्रय न किये जाते हो आदि का विक्रय किया जा सकता है।

इच्छुक व्यक्ति/संस्थाएं स्वयं सेवी संस्था, स्वयं सेवी समूह, एनजीओ अपना आवेदन अहर्क दस्तावेज/प्रमाण पत्र के साथ स्टेशन अधीक्षक, चुनार, विन्ध्याचल, दादरी, डावर, दनकौर, वैर, चोला, मंडराक, सोमना, अजायबपुर, मारीपत, सोनभद्र रेलवे स्टेशन।

रेलवे स्टेशन उ0म0रे0 के कार्यालय में दि0 **20.03.2024** तक अवश्य प्रस्तुत करें/जमा करें। किसी प्रकार की सहायता/जानकारी (Guidance) के लिए खण्ड के वाणिज्य निरीक्षक से संपर्क कर सकते है जिनकी सूची निम्नवत हैः

| क्रम | स्टेशन | इस योजना से सम्बंधित किसी भी जानकारी हेतु निम्नलिखित खण्ड वाणिज्य निरीक्षक से संपर्क कर सकते है | दूरभाष नं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | अलीगढ़ एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन | श्री संजय शुक्ला | 9794837282 |
| 2 | इटावा एवं फफूंद एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन | श्री नरेश मीना | 9794837323 |
| 3 | मिर्जापुर एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन | श्री एस0 के0 अकेला | 9794837290 |
| 4 | टूंडला एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन | श्री तापेश कुमार | 7525001448 |
| 5 | खुर्जा एवं दादरी एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन | श्री हनुमान मीना | 9794837324 |
| 6 | चुनार एवं सम्बंधित खंड/स्टेशन | श्री राजेश कुमार | 9794837292 |

• इस योजना से सम्बंधित अन्य कोई जानकारी हेतु श्री पंकज कुमार रजक, वाणिज्य निरीक्षक/एनएफआर, मंडल कार्यालय, प्रयागराज (मो.नं. 7525001455) एवं ई मेल- cmialddiv@gmail.com से संपर्क कर सकते है।

नोट : OSOP में प्रतिभागियों का चयन इस बात को ध्यान में रखते हुए किया जा सकता है कि इस योजना का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों तक पहुँचना है। इस योजना में निम्नलिखित को प्राथमिकता दी जाएगी :

- विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरधा या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगर/बुनकर, आई डी कार्ड धारक।
- भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (TRIFED)/राष्ट्रीय हथकरधा विकास निगम (NHDC)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) आदि में नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/ बुनकर/शिल्पकार।
- पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
- समाज में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग।

नोट : खाद्य पदार्थ (उत्पाद) की स्थिति में आवेदक के पास में वैध फूड लाइसेंस (FSSAI) होना अनिवार्य है।

उत्तर मध्य रेलवे
गतिशीलता ही हमारी पहचान

478/24 (P)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR



## Change of Name

This is to inform you that, **I SATPAL SINGH S/o KHEM CHAND SINGH,** have changed my name to **SATYA PAL SINGH S/o KHEM CHAND SINGH.** My Correct Date of Birth Is 01/07/1973. Going forward, I will be known on the name of **SATYA PAL SINGH S/o KHEM CHAND SINGH.**



## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा–1 (पी–2), ग्रेटर नोएडा,
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइटः www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक - वाई.ई.ए./भूलेख/272/2024 | दिनांकः 15.03.2024

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है–

**ग्राम कुरैब सैक्टर 32, 29, ग्राम सालारपुर सैक्टर 22 व ग्राम चकजलालाबाद सैक्टर 22ई के अन्तर्गत**

| क्र. सं. | सैक्टर/ ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे. में) | खातेदार का नाम व पता | तहसील से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे. में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 32 कुरैब | 105 | 71 | 0.0470 | धीरेन्द्र सिंह पुत्र सोहनपाल सिंह निवासी 38/3 लाल क्वॉटर लोहियानगर गाजियाबाद तहसील व जिला गाजियाबाद। | में से | 0.0023 |
| | | 63 | 72 | 0.2690 | | में से | 0.0135 |
| | | 294 | 74 | 0.0880 | | में से | 0.0220 |
| 2. | 32 कुरैब | 52 | 73 | 0.0880 | फारूख पुत्र कय्यूम खाँ निवासी ग्राम नगला हाण्डा, माजरा कुरैब, परगना व तहसील जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर। | में से | 0.0293 |
| | | 63 | 72 | 0.2690 | | में से | 0.0188 |
| 3. | 29 कुरैब | 432 | 399 | 4.6320 | श्रीमती जगेश देवी पत्नी ओमवीर निवासी मौहल्ला तुलसीनगर दनकौर, तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर। | में से | 0.2530 |
| 4. | 29 कुरैब | 432 | 399 | 4.6320 | श्रीमती रेखा पत्नी मुकेश उर्फ दलवीर निवासी मौहल्ला तुलसीनगर दनकौर, तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर। | में से | 0.2530 |
| 5. | 22 सालारपुर | 91 | 443 घ | 0.1010 | श्री अमरपाल पुत्र श्री चरन सिंह निवासी ग्राम सालारपुर, तहसील सदर, जनपद गौतमबुद्धनगर। | सम्पूर्ण | 0.1010 |
| 6. | 22ई चकजलालाबाद | 38 | 98 | 0.1770 | मुनीम पुत्र हुक्म सिंह निवासी ग्राम चकजलालाबाद तहसील जेवर जिला जनपद गौतमबुद्धनगर। | 1/6 | 0.0295 |
| | | 37 | 38 | 1.4400 | | 1/18 | 0.0800 |
| 7. | 22ई चकजलालाबाद | 37 | 38 | 1.4400 | जयप्रकाश पुत्र बादाम सिंह निवासी ग्राम रौनीजा, तहसील जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर। | 1/12 | 0.1200 |
| | | 68 | 67<br>80/1<br>85/1<br>86/2 | 0.0660<br>0.2280<br>0.1260<br>0.2910 | | 1/4<br>1/4<br>1/4<br>1/4 | 0.0165<br>0.0570<br>0.0315<br>0.0727 |
| | | 69 | 23/5 | 0.2280 | | में से | 0.0124 |
| 8. | 22ई चकजलालाबाद | 37 | 38 | 1.4400 | रोहताश सिंह पुत्र बादाम सिंह निवासी ग्राम रौनीजा, तहसील जेवर, जनपद गौतमबुद्धनगर। | 1/12 | 0.1200 |
| | | 68 | 67<br>80/1<br>85/1<br>86/2 | 0.0660<br>0.2280<br>0.1260<br>0.2910 | | 1/4<br>1/4<br>1/4<br>1/4 | 0.0165<br>0.0570<br>0.0315<br>0.0728 |
| | | 69 | 23/5 | 0.2280 | | 1/4 | 0.0570 |
| 9. | वीरमपुर | 80 | 86 | 0.4800 | समयपाल सिंह पुत्र मंगू सिंह नि. गेझा तिलपताबाद, तहसील दादरी, जनपद गौतमबुद्धनगर। | 1/4 | 0.1200 |
| 10. | तिरथली | 297 | 436 | 0.3460 | जगदीश पुत्र शिवलाल नि. ग्राम तिरथली, हाल नि. हाउस 115 गली नम्बर 01 खेरी कला फरीदाबाद हरियाणा, नानक व संजय पुत्रगण शिवलाल नि. ग्राम तिरथली | 1/2 | 0.1730 |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में **15 दिन के अन्दर** अधोहस्ताक्षरी को अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**डिप्टी कलेक्टर, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

# चौरसिया महासभा 30वीं कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न




नोएडा। अखिल भारतीय चौरसिया महासभा कोलकाता का 30वीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक नोएडा के सेक्टर 33 महाराजा अग्रसेन भवन में हुई। कार्यकम की शुरुआत पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद चौरसिया एवं जीटीवी के वरिष्ठ पत्रकार दीपक चौरसिया ने दीप प्रज्जवलित कर के किया।

बैठक में बताया गया कि चौरसिया भवन 'छात्रावास' के लिये सेक्टर 25 रोहिणी में जमीन क्रय की गई है। यहां पर 5 मंजिला बिल्डिंग में उच्च शिक्षा के लिए गरीब छात्रों के लिए रहने एवं खाने की पूर्ण सुविधा के साथ कम्प्यूटर लैब अतिथियों को रुकने के लिए कमरा एवं हॉल बनाया जायेगा।

बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय चौरसिया महासभा के अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया ने की एवं मंच संचालन राष्ट्रीय महासचिव सुधिर चौरसिया ने किया। आमंत्रित सदस्यों का स्वागत टी.एन. चौरसिया एवं बाबू लाल चौरसिया ने किया। जबकि धन्यवाद राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीलिप चौरसिया ने किया।

कार्यक्रम में कैलाश नाथ चौरसिया पूर्व राज्यमंत्री, रामेश्वर प्रसाद चौरसिया विधायक, सुरेन्द्र प्रसाद चौरसिया विधायक (रामपुर कारखाना), आलोक चौरसिया (विधायक डालटेनगंज), संजीव चौरसिया (विधायक दीघा, बिहार), भगवान शंकर चौरसि (रिटायर्ड आई.ए.एस. अधिकारी), वी. वी चौरसिया (एस.पी. मथुरा), संजय चौरसिया आई. अ एस, राकेश चौरसिया कानपुर, गणेशनी चौरसिया वाराणसी, रतना जायसवाल कोलकाता, डा. अ चौरसिया वाराणसी, संजय चौरसिया राँची, राजेन्द्र बनारसी भोपाल, राजेश महतो छत्तरपुर, म चौरसिया दिल्ली, लोकेश भाष्कर दिल्ली, राजेश चौरसिया बक्शर, डा. एम. पी. चौरसिया आदि मौजूद थे।

# जीएल बजाज कॉलेज में प्रौद्योगिकी के आधुनिक विकास पर चर्चा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा स्थित जीएल बजाज कॉलेज में 'विघटनकारी




प्रौद्योगिकियों' पर दो दिवसीय दूसरे अंतर्राष्ट्रीय आईईईई सम्मेलन (आईसीडीटी-2024) का शुभारम्भ किया गया। इस सेमिनार का आयोजन कॉलेज के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के द्वारा किया जा रहा हैं।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी और एमएनआईटी इलाहाबाद के पूर्व प्रोफेसर बीडी चौधरी ने मुख्य अथिति और सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र जेएमआई नई दिल्ली के मानद, अतिरिक्त निदेशक प्रोफेसर तनवीर अहमद एवं राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बिजनौर के निदेशक प्रोफेसर नीलेंद्र बादल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में इस सम्मलेन को संबोधित किया। सम्मेलन के अध्यक्ष एवं कॉलेज निदेशक प्रो. (डॉ.) मानस कुमार मिश्रा,सीएसई विभाग के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) संसार सिंह चौहान और सम्मानित अथितियों ने दीप प्रज्जवलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। पहले सत्र में एकेटीयू, लखनऊ में आर एंड डी विभाग में औद्योगिक परामर्श के एसोसिएट डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा और अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. रिजवान खान ने सम्बंधित विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।

डॉ. मानस कुमार मिश्रा ने सभागार को संबोधित करते हुए कहा कि (आईसीडीटी-2024) एआई, ब्लॉकचेन, आईओटी, 3डी प्रिंटिंग और एमएल के साथ उनके सिद्धांत, कार्यप्रणाली और अनुप्रयोगों का उपयोग करके विघटनकारी प्रौद्योगिकी में ज्ञान और उपलब्धियों के आदान-प्रदान के लिए एक उत्कृष्ट अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा।

सम्मेलन का लक्ष्य प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अत्याधुनिक विकास पर चर्चा और तकनिकी का आदान-प्रदान करने के लिए शिक्षा और उद्योग के विद्वानों और अभ्यासकर्ताओं को एक साथ एक मंच पर लाना है।

# ईनामी बदमाश रवि काना की संपत्ति कुर्क

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 नोएडा पर पंजीकृत मु0अ0स0 896/23 धारा 376 डी,506 भादवि व 3(1)ध,3(2)5 एससी / एसटी एक्ट में वांछित चल रहे 25000/रूपये का इनामी अभियुक्त रवि काना की दादूपर



में स्थित चल सम्पत्ति को कुर्क किया गया। थाना सैक्टर-39 नोएडा में पंजीकृत अभियोग में रवि काना उर्फ रविन्द्र नागर निवासी दादूपुर थाना दनकौर सहित 04 अन्य अभियुक्त आजाद, राजकुमार, विकास व महकी उर्फ महकार निवासी उपरोक्त अभियुक्त थे। अभियुक्त रवि काना को छोडकर शेष चारो अभियुक्त वर्तमान में जिला कारागार गौतमबुद्धनगर में निरूद्ध है।अभियुक्त रवि काना के फरार चलने के कारण माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार जारी एनबीडब्लू / 82 सीआरपीसी की कार्यवाई की गयी। अभियुक्त रवि काना के लगातार फरार रहने के कारण पुलिस उपायुक्त नोएडा द्वारा रवि काना पर 25000 / रू0 के ईनाम की घोषणा की गयी है। इसके पश्चात भी रवि काना फरार चल रहा है।

न्यायालय द्वारा रवि काना के विरूद्ध धारा 83 सीआरपीसी के अन्तर्गत लगातार फरार चलने के कारण कुर्की करने के आदेश निर्गत किये गये थे। जिसके अनुपालन में पुलिस उपायुक्त नोएडा के निर्देशन तथा अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा के कुशल पर्यवेक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त द्वितीय नोएडा द्वारा थाना सैक्टर – 39 व थाना दनकौर की पुलिस के साथ ग्राम दादूपुर पहुच कर अभियुक्त रवि काना के मकान में उपलब्ध चल सम्पत्ति की कुर्की करते हुए मकान में उपलब्ध चल सम्पत्ति को कब्जे पुलिस लेकर थाना दनकौर में दाखिल कराया गया है।

# पी-4 में आरडब्ल्यूए का चुनाव कल, प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर पी-4 में हो रहे आरडब्ल्यूए के चुनाव में सरगर्मी में तेज हो गई है। कल यहां चुनाव होगा। दोनों पैनलों के प्रत्याशियों ने अपनी अपनी ताकत झोंक दी है।



भगवत शर्मा पैनल के प्रत्याशी घर- घर जाकर लोगों से जनसंपर्क अपने पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे हैं। भगवत शर्मा के पैनल से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों ने 11 सूत्री मांग पत्र जनता के समक्ष रखा है। जिसमें सुरक्षा, शिक्षा, पार्कों का नवीनीकरण, साफ-सफाई, पेड़ों की समय-समय पर छंटाई, नालियों का दुरूस्तीकरण, सीवरों का समय-समय पर सफाई, स्ट्रीट लाइटों का नवीनीकरण, सेक्टर में फेरी वालों के लिए एंट्री पास तथा हर माह की 10 तारीख को आय-व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक करने का मुद्दा मुख्य रूप से रखा गया है।

आरडब्लूए चुनाव में प्रत्याशी भगवत शर्मा ने एक बातचीत में कहा कि चुनाव में विजयश्री मिलने के बाद सेक्टर का कायाकल्प कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सेक्टर में अराजकता फैलाने का काम कर रहे हैं उन्हें किसी कीमत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का पूरा सहयोग हमारे पैनल को है। चुनाव कल सम्पन्न कराया जाएगा।

# कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप उड़ाया

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 क्षेत्र के पृथला फ्लाईओवर के पास बने मंदिर में पूजा करने के लिए गए एक व्यक्ति की कार का शीशा तोड़कर चोरों ने लैपटॉप व जरूरी कागजात चोरी कर लिए।

सेक्टर-73 स्थित ईस्ट एवेन्यू सोसायटी निवासी दीपक यादव ने बताया कि वह 24 फरवरी की शाम को ऑफिस से आते समय पूजा करने के लिए पृथला फ्लाईओवर के पास बने मंदिर के बाहर रुका था। उसने अपनी कार मंदिर के बाहर खड़ी कर दी और पूजा करने के लिए भीतर चला गया। कुछ देर बाद जब वापस लौटा तो उसे गाड़ी का शीशा टूटा हुआ मिला। चोर कार शीशा तोड़कर गाड़ी में रखा लैपटॉप, जरूरी कागजात व कंपनी का आईडी कार्ड चोरी कर ले गए। वही गोपाल नगर आजादपुर दिल्ली निवासी मनजोत सिंह ने थाना फेस 3 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि चोरों ने उनकी कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप व अन्य सामान चोरी कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# विश्व उपभोक्ता दिवस पर सलाम नमस्ते में कार्यक्रम




**नोएडा (चेतना मंच)।** आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते में विश्व उपभोक्ता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सेक्टर-62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बीआईएस गाजियाबाद के मानक प्रमोशन कंसल्टेंट आयुष राज, रिसोर्स पर्सन प्रियांशु गुप्ता एवं क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया के पूर्व सलाहकार और आईएमएस-डीआईए की एचओडी रितु गुलाटी ने अपने विचार प्रकट किए। वहीं कार्यक्रम के दौरान आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रो.(डॉ.) विकास धवन ने यूथ कनेक्ट कैंपेन के अंतर्गत मानक मित्र के रूप में कार्य करने वाले संस्थान के छात्रों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्रो. (डॉ.) विकास धवन ने भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा सर्टिफाइड वस्तुओं पर आईएसआई मार्क एवं सीआरएस नंबर के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के अपने अधिकार के साथ-साथ कुछ जिम्मेदारियां भी है। आप किसी भी वस्तु को खरीदने से पहले उसे जांच-परख ले, साथ खरीदी गई वस्तु के बिल की मांग दुकानदार से जरूर करें। कार्यक्रम के दौरान डॉ धवन ने उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए बीआईएस द्वारा चयनित संस्थान के छात्र को सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम के अंत में सलाम नमस्ते की हेड बर्षा छबारिया ने कहा कि आज जागो आर्ट प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ। जिसमें बेस्ट जागो स्लोगन के लिए बीसीए की छात्रा अंशिका एवं बेस्ट जागो आर्ट के लिए लॉ की छात्रा टीशा गोस्वामी को पुरस्कृत किया गया।

## पृष्ठ एक के शेष....

**कंपनी के गोदाम से ....**

ने थाना सूरजपुर में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। लांसर सिक्योरिटी सर्विस के सिक्योरिटी सुपरवाइजर बिहारी दास ने बताया कि उनकी सिक्योरिटी कंपनी निर्माणाधीन डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की सुरक्षा व्यवस्था को देखती है। 5 मार्च को एसटी डिपार्मेंट के कर्मचारी गोदाम की जांच कर रहे थे। इस दौरान पता चला कि आर एच 2 के कमरे का दरवाजा खुला हुआ है। कर्मचारियों ने जब भीतर जाकर देखा तो पता चला कि चोरों ने ताला तोड़कर 46 मी कॉपर स्ट्रिप, 25 मी कॉपर वायर, लॉक दो ,लाइट अरेस्टर, 488 मीटर कंट्रोल केवल, हैंड ड्रिल मशीन सहित अन्य सामान चोरी कर लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**दो घरों में लाखों के ....**

चोरों ने उनकी गैर मौजूदगी में फ्लैट का ताला तोड़कर अलमारी में रखे 11 लाख रुपए, सोने की 4 अंगूठी, सोने की चूड़ियां सोने की कंठी, लॉकेट, दो जोड़ी पाजेब, कमरबंद, चांदी के हाथ फूल व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया हैं। बता दें कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट की विभिन्न सोसाइटी में सुरक्षा के लिए 24 घंटे गार्ड तैनात रहते हैं इसके बावजूद भी सोसायटी के फ्लैट में इतनी बड़ी चोरी की घटना होने से सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लग रहा हैं। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर दिया गया है। सोसायटी के मुख्य द्वार पर लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि परिवार की गैर मौजूदगी के दौरान कौन-कौन अनजान लोग सोसाइटी में आए थे।

**लाखों की नकदी व जेवरात ....**

इसके बाद उन्होंने शिबोन नर्सिंग ब्यूरो को कॉल कर अपनी मां की देखभाल के लिए किसी दूसरी महिला को भेजने के लिए कहा लेकिन एजेंसी द्वारा किसी को नहीं भेजा गया। 5 मार्च को किसी कार्य के लिए उन्होंने अलमारी के लॉकर को खोला। अलमारी के लॉकर में रखा गले का सोने का हार, कानों की बाली, सोने की चेन,सोने के कड़े, अंगूठियां, टॉप्स तथा 22 हजार रुपए गायब थे। गंगा कक्कड़ ने अपने यहां काम करने वाली बबीता पर चोरी का शक जताते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**विभिन्न इलाकों में.....**

थाना बीटा दो क्षेत्र के नींबस पार्क व्यू 2 में रहने वाले वैभव गुप्ता ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि उसने अपनी बाइक सोसायटी द्वारा आवंटित पार्किंग में खड़ी की थी। चोर पार्किंग से उनकी बाइक को चोरी कर ले गए।

**ईंट नहीं खरीदी तो.....**

डेंजर और उसके साथियों ने लाठी डंडों व सारियों से उसके साथ मारपीट की। उसे बचाने आए राहुल को भी उन्होंने जमकर पीटा। मारपीट कर घायल करने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हो फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीडति की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**रवि काना का गुर्गा ....**

बता दे कि स्क्रैप माफिया रवि काना गिरोह के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। रवि काना के खिलाफ थाना सेक्टर 39 में गैंगरेप तथा थाना बीटा दो में गैंगस्टर का मुकदमा पंजीकृत होने के बाद उसके गिरोह के कई सदस्यों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हाल ही में पुलिस ने रवि काना की संपत्ति को कुर्क किए जाने की कार्रवाई को भी अंजाम दिया है। पुलिस लगातार रवि काना पर शिकंजा कस रही है लेकिन वह अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है। पुलिस उस की तलाश में जगह-जगह छापेमारी कर रही है। गैंगरेप का मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही वह फरार चल रहा है।

**ट्रक की टक्कर में ...**

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे में महिला के पति को मामूली चोटे आई हैं।

थाना सेक्टर 126 क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल राहुल की मौत हो गई। वहीं थाना सेक्टर 49 क्षेत्र में आगाहपुर गांव निवासी अजय की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**9 वरिष्ठ प्रबंधकों समेत....**

वर्क सर्किल-7 के प्रबंधक अनिल कुमार को वर्क सर्किल-8 में वरिष्ठ प्रबंधक की जिम्मेदारी दी गई है। इस वर्क सर्किल एरिया में भंगेल एलिवेटेड रोड का भी काम चल रहा है। इसके लिए खासतौर से राजीव कुमार को प्रबंधक के रूप में तैनात किया गया है। वरिष्ठ प्रबंधकों के अलावा विभिन्न विभागों में करीब दो दर्जन कर्मचारियों का भी अंतर्विभागीय तबादला किया गया है।

**घर में घुसकर हमला ....**

पीड़िता के मुताबिक हरेंद्र नागर व उसके तीनों लड़के इससे पहले भी उसके पति तथा उसके साथ मारपीट कर चुके हैं, जिसकी एफआईआर थाने में दर्ज है और मामला न्यायालय में विचाराधीन है। जागृति तिवारी के मुताबिकआरोपी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं और इन्होंने सेक्टर में आतंक मचाया हुआ है। आए दिन यह लोग किसी ना किसी के साथ मारपीट करते रहते हैं। पूर्व में भी इन्होंने सेक्टर के एक अन्य व्यक्ति के साथ मारपीट की थी। जिसकी रिपोर्ट 9 फरवरी को थाने में दर्ज कराई गई थी। पीडि़ता ने आरोपियों से अपनी जान माल के खतरे की आशंका भी व्यक्त की है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला करने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**शराब व गांजा के 26....**

थाना सेक्टर 113 पुलिस ने सूचना के आधार पर सर्फाबाद गांव स्थित यदु पब्लिक स्कूल के पास से जय कृष्ण को 100 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इसी थाना क्षेत्र की पुलिस ने जोडियक चौराहे के पास से अकबर को 1 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना ईकोटेक तीन पुलिस ने सूचना के आधार पर डेरिन गेट के पास से राजेंद्र पुत्र सीताराम को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 20 पव्वे देसी शराब के बरामद हुए।

थाना फेस 2 पुलिस ने अलग-अलग स्थान से अवैध शराब सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने चैतन्य बिल्डिंग के पास से पातीराम को गिरफ्तार किया। इसके पास से 25 पव्वे देसी शराब के बरामद हुए। सेक्टर 82 कट के पास अवैध रूप से शराब बेच रहे विनोद कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके पास से 22 पाउच देशी शराब के बरामद हुए।

थाना फेस 2 पुलिस ने बड़े पार्क तिराहे के पास से सचिन कुमार को 21पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस ने पंचशील अंडरपास से राहुल को 24 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सेक्टर 92 इंडिया टीवी चौराहे से के पास से गुलफाम को 20 पव्वे शराब के साथ बंदी बनाया है।

थाना फेस 3 पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर मामूरा गांव के पास से अमन पुत्र नासिर को गिरफ्तार किया। इसके पास से 105 पव्वे इंपिरियल ग्रीन व्हिस्की के बरामद हुए। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह हरियाणा से सस्ती दर पर शराब लाकर यहां पीने वाले लोगों को मांगो दामों में बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है।

थाना सेक्टर 142 प्रभारी विनीत राणा ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर इलाहाबास गांव के पास से बंटी पुत्र सुंदर सिंह को 1 किलो 400 ग्राम गांजा तथा अली राजा को 28 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

थाना सूरजपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर शिशुपाल को पैरामाउंट गोल्ड फॉरेस्ट सोसायटी के पास से तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

थाना सूरजपुर पुलिस ने ग्राम तिलपता के पास से विकास कुमार को 45 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना एक्सप्रेसवे पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सरिता मलिक ने बताया कि पुलिस ने गस्त के दौरान घोड़ा फार्म के पास से संतोष कुमार को 90 पव्वे देसी शराब तथा अमरपाल को 60 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

थाना सेक्टर 20 पुलिस ने सेक्टर 28 स्थित कार मार्केट के पास से आर्यन को तमंचे कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी चोरी के मुकदमे में भी वांछित चल रहा था।

थाना सेक्टर 24 पुलिस ने सेक्टर 34 स्थित मानस अस्पताल के पास से 62 पव्वे देसी शराब के साथ दीपक को गिरफ्तार किया है।

सेक्टर 11 डब्लू ब्लाक के पास से पुलिस ने रमन को 64 पव्वे देसी शराब के साथ बंदी बनाया है।

खरगोश पार्क के पास से पुलिस ने महेश मौर्या को 64 पव्वे देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

थाना दनकौर पुलिस ने खेरली नहर पुल से राजू को 20 पव्वे देसी शराब के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट ,एनडीपीएस एक्ट तथा आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

**मंदिर की चोरी का....**

नौ मुकुट, शेर की मूर्ति, पीली धातु का कड़ा, फूलों की माला, लड्डू गोपाल की मूर्ति व अन्य सामान बरामद हुआ।

पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम दीपक भारती उर्फ दीपू पुत्र नंदलाल भारती निवासी पटना बिहार तथा पिंटू तिवारी पुत्र संतु तिवारी निवासी मुजफ्फरपुर बिहार बताया। पकड़े गए दोनों आरोपी हाल में छलेरा और सदरपुर गांव में किराए पर कह रहे हैं। पूछताछ के दौरान पिंटू ने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले शिवरात्रि के दिन वह दीपक भारती व एक अन्य साथी के साथ मंदिर आया था। उन्होंने मंदिर की रेकी की। योजना के तहत 12/ 13 मार्च की रात्रि को वह मुंह पर कपड़ा बांधकर और हाथों में ग्लब्स पहन कर मंदिर पहुंचे। इस दौरान दीपक भारती मंदिर के बाहर आसपास की गतिविधियों पर निगाह रख रहा था। थोड़ी ही देर में चोरी की घटना को अंजाम देकर वह मंदिर से निकल लिए। डीसीपी ने बताया कि चोरी की यह वारदात मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। मुखबिर से मिले इनपुट के आधार पर दो बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं जबकि फरार बदमाश की तलाश की जा रही है।

# कंपनी मालिक के घर में घुसकर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** नौकरी से निकाले जाने से गुस्साए ड्राइवर ने अपने साथी के साथ मिलकर कंपनी मालिक के घर में घुसकर मारपीट की। लोहे की रॉड से हमला कर आरोपियों ने कंपनी मालिक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। कंपनी मालिक की शिकायत पर थाना बिसरख पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

इटेडा गांव निवासी गौरव गौतम ने बताया कि वह शुक्रवार को अपने घर पर थे। इस दौरान हरदीप एवं ललित चौधरी जबरन उसके घर में घुस आए और उनके ऊपर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला किया। गंभीर रूप से घायल करने के बाद दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। गंभीर स्थिति में परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। उनके सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

गौरव गौतम के मुताबिक आरोपी ललित चौधरी उनकी कंपनी पार्कटैक प्राइवेट लिमिटेड में ड्राइवर के रूप में कार्यरत था। गलत आचरण के चलते उसे हाल ही में नौकरी से निकाल दिया गया था। इसके अलावा हरदीप भी उनकी कंपनी में ही काम करता था। उसने कंपनी से 15 हजार रुपए ले रखे थे। कई बार मांगने पर भी उसने पैसे वापस नहीं किए। इस बारे में उन्होंने शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद उसने कुछ पैसे लौटा दिए थे। कंपनी से निकाले जाने तथा पैसे मांगने की रंजिश में ही दोनों आरोपियों ने उनके ऊपर जानलेवा हमला किया है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## चंदा लेने के मामले में टीएमसी ने कांग्रेस को पीछे छोड़ा

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड के द्वारा दिए गए राजनीतिक दलों के चंदों का विवरण जारी किया है। उन आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा को सबसे ज्यादा 60.61 अरब रुपये बतौर चंदा मिले हैं, जबकि मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को 14.22 अरब रुपये दान में मिले हैं। बड़ी बात यह है कि इलेक्टोरल बॉन्ड भुनाकर दान लेना वाली पार्टियों में तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस को पीछे छोड़ दिया है। ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी 16.10 अरब रुपये के साथ दूसरे नंबर पर रही है, जबकि कांग्रेस तीसरे नंबर पर है। आंकड़ों पर गौर करें तब भाजपा, तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस चंदा लेने वालों में क्रमश- नंबर वन, टू और थ्री की पार्टी है। इनके अलावा भारत राष्ट्र समिति को 12.14 अरब, बीजू जनता दल को 7.75 अरब रुपये, डीएमके को 6.39 अरब, वॉयएसआर कांग्रेस को 3.37 अरब, तेलूगू देशम पार्टी को 2.18 अरब, शिवसेना को 1.59 अरब, राष्ट्रीय जनता दल को 72.50 करोड़ और आप को 65.45 करोड़ रुपये मिले हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा लेने वाले दलों में सबसे पीछे गोआ फोरवर्ड पार्टी रही, उस सिर्फ 35 लाख रुपये का चंदा मिला है। इनके अलावा नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी को 50 लाख, जम्मू एंड कश्मीर नेशनल कांफ्रेंस को 50 लाख, महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी को 55 लाख और सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट को 5.50 करोड़ रुपये मिले हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, 2019 से 2024 के बीच 1260 कंपनियों और लोगों ने कुल 12,155.51 करोड़ रुपये मूल्य के 22217 बॉन्ड खरीदे हैं। 23 राजनीतिक दलों ने इन बॉन्ड को भुनाया है। इलेक्टोरल बॉन्ड पांच मूल्य वर्ग में खरीदे गए हैं।

## आप में शामिल हुए राज कुमार चब्बेवाल, कांग्रेस को झटका

चंडीगढ़। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि पंजाब से पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक राज कुमार चब्बेवाल ने शुक्रवार को पार्टी छोड़कर आप में शामिल हो गए। चब्बेवाल (54) ने कहा कि उन्होंने होशियारपुर जिले के चब्बेवाल विधानसभा क्षेत्र से विधायक के तौर पर भी इस्तीफा दे दिया है। प्रमुख दलित नेता चब्बेवाल पंजाब विधानसभा में विपक्ष के उपनेता थे। वह यहां आप में शामिल हुए और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उनका पार्टी में स्वागत किया। चब्बेवाल एक सप्ताह के भीतर आप में शामिल होने वाले पंजाब से कांग्रेस के दूसरे नेता हैं। बस्सी पठाना से कांग्रेस के पूर्व विधायक गुरप्रीत सिंह जीपी हाल ही में आप में शामिल हुए थे। आप की प्रदेश इकाई ने पोस्ट में कहा कि चब्बेवाल के शामिल होने से पार्टी और मजबूत हुई है। सूत्रों ने कहा कि आप चब्बेवाल को होशियारपुर लोकसभा सीट से मैदान में उतार सकती है। इसके पहले चब्बेवाल ने पोस्ट किया था, आज कांग्रेस और पंजाब विधानसभा से इस्तीफा दे दिया। चब्बेवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष को लिखा अपना पत्र भी 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने पत्र में लिखा है, मैं कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा देता हूं।'' हालांकि, उन्होंने पार्टी छोड़ने का कोई कारण नहीं बताया। चब्बेवाल ने पंजाब विधानसभा अध्यक्ष को भी एक पत्र लिखा और उसे भी 'एक्स' पर पोस्ट किया।

## पहले घुसपैठ कर कानून तोड़ा अब हुड़दंग कर रहे, इन्हें जेल में होना चाहिए : केजरीवाल

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को उनके आवास के पास विरोध प्रदर्शन कर रहे पाकिस्तानी शरणार्थियों पर जमकर बरसे। हिंदू और सिख शरणार्थियों ने केजरीवाल के सिविल लाइंस आवास के पास विरोध प्रदर्शन किया और नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के कार्यान्वयन के खिलाफ अपने बयानों पर आम आदमी पार्टी (आप) नेता से माफी की मांग की। सीएए पर भारत के विपक्षी गुट के नेताओं के बयानों को लेकर पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए शरणार्थियों ने कांग्रेस मुख्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां ले रखी थीं और कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ नारे लगाए। विरोध प्रदर्शन से नाराज होकर केजरीवाल ने कहा, इन पाकिस्तानियों की हिम्मत? सबसे पहले, उन्होंने हमारे देश में अवैध रूप से घुसपैठ की और हमारे देश के कानूनों को तोड़ा। उन्हें जेल में होना चाहिए था। क्या उनमें इतनी हिम्मत है कि वे हमारे देश में विरोध प्रदर्शन और हंगामा कर रहे हैं?

## कोर्ट के आदेश पर 8 घंटे जेल की कोठरी से बाहर रहेगा आफताब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को तिहाड़ जेल के प्राधिकारियों को सनसनीखेज श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड के मुख्य आरोपी आफताब अमीन पूनावाला को रात में जेल की कोठरी में अकेले बंद करने से पहले दिन में आठ घंटे के लिए बाहर लाने की अनुमति देने को कहा। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अगुवाई वाली पीठ ने पूनावाला की एक याचिका पर आदेश दिया। याचिका में कहा गया है कि सुरक्षा की आड़ में आफताब को जेल की कोठरी में अकेले बंद नहीं रखा जा सकता। पीठ में न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया भी हैं। पूनावाला के वकील ने दावा किया कि अन्य कैदियों को एक दिन में आठ घंटे के लिए कोठरी से बाहर ले जाया जाता है लेकिन पूनावाला को सुबह और शाम एक-एक घंटे के लिए ही बाहर आने की अनुमति है। जेल प्राधिकारियों के वकील ने कहा कि खतरे की आशंका के कारण आरोपी को अन्य कैदियों के साथ नहीं रखा गया है। उन्होंने पहले कहा था कि पूनावाला पर रोहिणी में विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) ले जाते वक्त हुए हमले के बाद निचली अदालत ने उसे उचित सुरक्षा मुहैया कराने के संबंध में निर्देश दिए थे। पूनावाला के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल को जेल में किसी से भी बातचीत नहीं करने दी जाती और उसे अलग कोठरी में बंद किया गया है जबकि उसने कोई ''जेल अपराध'' नहीं किया है।

## श्रीलंका की नौसेना ने अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 15 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

कोलंबो। श्रीलंका की नौसेना ने उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कराईनगर के तट से 15 भारतीय मछुआरों को अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में हिरासत में लिया। एक अधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार नौसेना पकड़े गए इन मछुआरों और उनकी नौकाओं को कांकेसंतुराई बंदरगाह ले गई और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मत्स्य निदेशालय को सौंप दिया। हाल में श्रीलंका के मछुआरों ने प्राधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन करश्रीलंकाई जल क्षेत्र में भारतीय मछुआरों के कथित मछली पकड़ने पर रोक लगा उनके हितों की रक्षा की मांग की थी। श्रीलंका नौसेना ने कहा कि आज सुबह हिरासत में लिए गए मछुआरों के साथ नौसेना द्वारा वर्ष 2024 में पकड़े गए मछुआरों की संख्या 225 हो गई है। जबकि मछली पकड़ने वाली 16 नौकाओं को जब्त किया है। भारत और श्रीलंका के संबंधों में मछुआरों का मुद्दा एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है।


## 85 साल के आसाराम बापू की याचिका पर सुनवाई को तैयार गुजरात हाई कोर्ट

सूरत। गुजरात हाईकोर्ट ने संत आसाराम बापू की दोषसिद्धि के खिलाफ दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई शुरू करने का फैसला किया है। मामला 2013 के रेप केस से जुड़ा है। गुजरात हाईकोर्ट ने आसाराम बापू की बढ़ती उम्र को देखकर याचिका पर सुनवाई शुरू करने का फैसला लिया है। कोर्ट 4 अप्रैल से उनकी याचिका पर सुनवाई शुरू करेगा।

जस्टिस एएस सुपेहिया और जस्टिस विमल व्यास की खंडपीठ आसाराम की सजा को निलंबित करने की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। तभी उन्होंने बलात्कार की सजा के खिलाफ उनकी अपील पर सुनवाई को प्राथमिकता देने का फैसला किया। जस्टिस सुपेहिया ने कहा, वह 10 साल जेल में काट चुके हैं और 85 साल के हैं। हम सजा को निलंबित करने की उनकी याचिका के बजाय मुख्य अपील पर ही सुनवाई करने वाले है। कोर्ट ने कहा कि हम समर वेकेशन से पहले अपील की सुनवाई पूरी करने की कोशिश करने वाले हैं, ताकी छुट्टियों के बाद फैसला दे सकें। बता दें, गुजरात की एक ट्रायल कोर्ट ने जनवरी 2023 में आसाराम बापू को 2013 में सूरत आश्रम में अपनी महिला शिष्या के साथ कई मौकों पर बलात्कार करने का दोषी ठहराया था। आसाराम को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार), 377 (अप्राकृतिक यौन संबंध), 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाना), 346 (गलत कारावास), 120 बी (आपराधिक साजिश) और 201 (साक्ष्य नष्ट करना) के तहत दोषी ठहराया गया था।

# भाजपा ने गरीब के बेटे को पीएम और बूथ कार्यकर्ता को देश का गृहमंत्री बनाया: अमित शाह

### अबकी बार 400 पार का नारा जनता लगा रही



**अहमदाबाद(एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने गृहराज्य गुजरात के दौरे पर है। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित कर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, आजादी के बाद देश को सुरक्षित करने का काम सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र भाई ने किया है। आप सभी के साथ 40 साल से काम कर रहा हूं। अनेक पराजय के बाद हमें चुनाव जीतने की महारथ हासिल हुई है।

शाह ने कहा, देश की जनता अब की बार 400 पार का नारा लगा रही है। जनता चुनाव घोषित होने का इंतजार कर रही है। संकल्प से सिद्धि का मार्ग नरेंद्र भाई ने दिखाया है। अभी तक पूरे देश में 135 सीटों का दौरा करके आया हूं, हर जगह मोदी मोदी की चर्चा हैं। लोकसभा चुनाव सिर्फ सांसद चुनने का नहीं है, बल्कि हर मतदाता को हमारे संकल्प यात्रा के साथ जोड़ना है। शाह ने अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोगों से विनम्रता से मिलिए, प्रचार में सभी को जोड़िए।

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, आज 29 साल पहले का दृश्य याद आ रहा है। मैं विधानसभा का चुनाव लड़ने जा रहा था, तब यही हनुमान दादा में दर्शन किए थे और भूपेंद्र पटेल पार्षद थे। आज फिर से वहीं से लोकसभा चुनाव के लिए शुरुआत की है। भाजपा ने बूथ कार्यकर्ता को देश का गृहमंत्री बनाया। पार्टी ने गरीब परिवार के चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री बनाया। भाजपा में आंतरिक लोकतंत्र है, जिसकी वजह से यह संभव हुआ।

### मोदी आज विश्व के लोकप्रिय नेता

गृह मंत्री ने कहा, पीएम मोदी ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण देकर महिला शक्ति को विधानसभा-संसद का दरवाजा खोला है। आज नरेंद्र भाई सिर्फ देश के नहीं, दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। आजादी के बाद देश को सुरक्षित करने का काम सिर्फ नरेंद्र भाई ने किया है।

उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया। दो बार हमारे सैनिकों पर आतंकियों ने हमला किया, जिसका सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके जवाब दिया। डोकलाम में चीन ने जो किया, सब सोच रहे थे क्या होगा? नरेंद्र भाई ने आंख दिखा दिया और चीन को वापस लौटना पड़ा।

## नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों ने संभाला पदभार



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पैनल ने गुरुवार को ब्यूरोक्रेट ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को चुनाव आयुक्त के रूप में चुना। यह फैसला चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे के कुछ दिनों बाद आया है। चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व लोकसभा मे विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी शामिल थे। नवनियुक्त चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने शुक्रवार को चुनाव आयोग के मुख्यालय में कार्यभार संभाल लिया। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम आगामी आम चुनाव सकुशल कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। इससे पहले केंद्र सरकार ने गुरुवार शाम दोनों चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी की।

# सीएए पर लंबित याचिकाओं पर सुनवाई को तैयार सुप्रीम कोर्ट, 19 मार्च को मामले की सुनवाई




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 (सीएए) पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सहमत हुआ। 19 मार्च को मामले की सुनवाई होगी। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के सामने मुद्दे का उल्लेख किया। इसके बाद चीफ जस्टिस ने कहा कि मामला अगले सप्ताह सूचीबद्ध किया जाएगा। 2019 से शीर्ष अदालत में दायर दो सौ से अधिक संबंधित याचिकाओं में विभिन्न सीएए प्रावधानों को चुनौती दी गई है। सीएए को दिसंबर 2019 में संसद द्वारा पारित किया गया था, लेकिन केंद्र सरकार ने सोमवार को इसके लिए नियम जारी किए।

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की ओर से पेश हुए सिब्बल ने कहा, याचिकाएं 2019 से लंबित हैं। वहीं आम चुनाव से ठीक पहले उन्होंने नियमों की घोषणा कर दी है। एक बार नागरिकता मिल जाने के बाद, प्रक्रिया को उलटना मुश्किल होगा। आईयूएमएल के अलावा, असम कांग्रेस नेता देबब्रत सैकिया, असम जातीयतावादी युवा छात्र परिषद (एक क्षेत्रीय छात्र संगठन), डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) ने भी अलग-अलग आवेदन दायर कर इस पर रोक लगाने की मांग की है।

केंद्र का प्रतिनिधित्व करते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर अदालत किसी उपयुक्त दिन पर मामले की सुनवाई करती है, तब उन्हें कोई कठिनाई नहीं है। उन्होंने कहा, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि किसी भी याचिकाकर्ता के पास यह कहने का अधिकार नहीं है कि नागरिकता न दें। जहां तक चुनाव पर बहस का सवाल है, मैं राजनीति को अदालत से दूर रखूंगा। इस पर सीजेआई ने कहा कि मामले में सभी 237 याचिकाओं को 19 मार्च को सूचीबद्ध किया जा सकता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, विभिन्न बिंदुओं वाले सभी पक्ष... हम कुछ वकीलों को सुन सकते हैं।

इसके पहले सुप्रीम कोर्ट में कई अर्जियां दायर कर नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी। इसमें सीएए को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं में से एक इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने अदालत से सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि पूर्व में दायर रिट याचिकाओं का निपटारा किये जाने तक मुस्लिम समुदाय से संबंधित लोगों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। सीएए के तहत मुसलमान भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन नहीं कर सकते।

## ईवीएम के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, क्षमा करे हम सुनवाई नहीं कर सकते

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने लोकसभा चुनाव-2024 की तिथियों का ऐलान कर दिया। चुनाव आयोग ने बताया कि 16 मार्च को दोपहर बाद संसदीय चुनाव की तिथियां घोषित होगी। इस बीच, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का मुद्दा फिर से सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। तीन जजों की पीठ के समक्ष इससे जुड़ी याचिका सुनवाई के लिए लिस्ट हुई। शीर्ष अदालत ने मामले पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से कहा कि हमें क्षमा करेंज्हम संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत मामले पर सुनवाई नहीं कर सकते हैं। बता दें कि अनुच्छेद 32 में संवैधानिक उपचार का प्रावधान है। मतलब यह कि यदि किसी को लगता है कि कोई मसला या मुद्दा या फिर नीति संविधान के प्रावधानों अनुरूप नहीं है, तब वह न्यायपालिका की शरण में जा सकता है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के कामकाज में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिका पर शुक्रवार को विचार करने से मना कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'हर पद्धति के अपने सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष होते हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की तीन जजों की पीठ ने कहा कि यह अदालत कई याचिकाओं की पहले ही कई मौकों पर पड़ताल कर चुकी है और ईवीएम के कामकाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार कर चुकी है।

हाल ही में वीवीपीएटी से संबंधित एक याचिका पर विचार किया था। हम धारणाओं पर नहीं चल सकते। हर पद्धति के अपने सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष होते हैं। क्षमा करें, हम अनुच्छेद 32 के तहत इस पर विचार नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि याचिका में उठाए गए मुद्दे की शीर्ष अदालत ने विभिन्न याचिकाओं में पड़ताल की है। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अदालत ने इस मुद्दे पर 10 से अधिक मामलों की पड़ताल की है।

## शिमला सीट पर जीत दर्ज करने कांग्रेस को रचना होगा चक्रव्यूह

**-पिछले तीन चुनाव से सीट पर भाजपा का कब्जा**

**शिमला (एजेंसी)।** कभी कांग्रेस का अभेद्य किला रहे हिमाचल की शिमला संसदीय सीट पर पिछली तीन बार से भाजपा का कब्जा है। कांग्रेस को अपना दुर्ग फिर से लेना है, तब कांग्रेस को चक्रव्यूह रचना होगा। यह संसदीय सीट हमेशा सत्ता का केंद्र रही है। कांग्रेस के कृष्ण दत्त (केडी) सुल्तानपुरी यहां से लगातार छह बार सांसद रहे हैं। सुल्तानपुरी प्रदेश के पहले सांसद हैं जिनके नाम यह रिकॉर्ड है। भाजपा कांगड़ा की तरह यहां से भी जीत का चौका लगाना चाहेगी तब प्रदेश में सत्ताधारी कांग्रेस को केडी की विरासत वापस लेने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाना होगा। उधर, भाजपा ने शिमला से सांसद सुरेश कश्यप को टिकट देकर मनोवैज्ञानिक बढ़त ले ली है। शिमला संसदीय सीट का ज्यादातर क्षेत्र पहाड़ी है। 1977 में पहली बार भारतीय लोक दल के बालक राम यहां से सांसद चुने गए। इसके बाद 1980 से 1998 तक कांग्रेस के कृष्ण दत्त सुल्तानपुरी ने लगातार छह बार जीत दर्ज की। उनके सामने कोई भी धुरंधर टिक नहीं सका। इसके बाद धनी राम शांडिल ने 1999 में हिमाचल विकास कांग्रेस से चुनाव लड़कर कांग्रेस के किले में सेंधमारी की। 2004 में हुए चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर फिर जीत दर्ज की। 2009 से अब तक हुए तीन चुनावों में दो बार वीरेंद्र कश्यप और एक बार सुरेश कश्यप ने सीट जीती और भाजपा की हैट्रिक लगाई। पिछले तीन चुनावों से भाजपा की जीत का अंतर हर बार बढ़ा है। 2014 में भाजपा करीब 84 हजार मतों से जीती। 2019 में यह अंतर 3 लाख 27 हजार हो गया। भाजपा को इस बार भी मोदी फैक्टर की आस है। कांग्रेस के पास शिमला को सरकार में प्रतिनिधित्व देने में विशेष तरजीह देने का तर्क है। शिमला संसदीय क्षेत्र में अर्की, नालागढ़, दून, सोलन, कसौली, पच्छाद, नाहन, श्रीरेणुकाजी, पांवटा साहिब, शिलाई, चौपाल, ठियोग, कसुम्पटी, शिमला शहरी, शिमला ग्रामीण, जुब्बल-कोटखाई और रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र आते हैं। टिकटों के लिए कांग्रेस में मंथन जारी है। अमित नंदा, दयाल प्यारी, कौशल मुंगटा, सोहन लाल सहित कई नाम चर्चा में हैं। शिमला संसदीय क्षेत्र में कुल जनसंख्या का 26.51 फीसदी भाग अनुसूचित जाति से संबंधित है। सिरमौर जिले के बड़े इलाके में अनुसूचित जनजाति के लोग रहते हैं।

# दिल्ली शराब नीति घोटाले में ईडी का एक्शन, बीआरएस नेता के कविता को किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) एमएलसी के कविता को हिरासत में ले लिया। जांच एजेंसी की टीम द्वारा उनके हैदराबाद आवास पर तलाशी लेने के कुछ घंटों बाद बीआरएस नेता को हिरासत में ले लिया गया। सूत्रों ने बताया कि कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद कविता को आगे की जांच के लिए दिल्ली लाया जाएगा। तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता इस साल जांच एजेंसी द्वारा जारी किए गए कम से कम दो समन में शामिल नहीं हुईं।

45 वर्षीय बीआरएस नेता सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए 16 जनवरी को मामले में नए दौर की पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए, जिसमें कहा गया था कि जांच एजेंसी इस मामले में कविता को नहीं बुला सकती है। हालांकि, प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि बीआरएस नेता को पिछले साल शीर्ष अदालत से अस्थायी राहत मिली थी और यह अब मान्य नहीं है।

इससे पहले, कविता से मामले के संबंध में पिछले साल तीन बार पूछताछ की गई थी और जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान भी दर्ज किया था। बीआरएस एमएलसी ने कहा है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और इसके बजाय भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर तेलंगाना में %पिछले दरवाजे% से प्रवेश पाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का %दुरुपयोग% करने का आरोप लगाया है।

## गुरदासपुर सेंट्रल जेल बनी जंग का मैदान, कैदियों ने जेल अधिकारियों पर किया पथराव




चंडीगढ़। जेल में कैदियों के बीच टकराव की खबरें आ रही हैं। बंदियों का जेल अधिकारियों के साथ मुठभेड़ भी कोई नई बात नहीं है, लेकिन यदि हाई सुरक्षा जेल में पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़ जाएं तब कारागार में गंभीर हालात का अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसा ही मामला गुरदासपुर सेंट्रल जेल में सामने आया है। कैदियों ने जेल अधिकारियों और पुलिस पर पथराव किया। वहीं पुलिस ने भी उग्र कैदियों को काबू में करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। जेल परिसर से काला धुआं उठता देखा गया है। इसका वीडियो भी सामने आया है। गुरदासपुर में केंद्रीय जेल के कैदियों ने जेल कर्मचारियों के दुर्व्यवहार से परेशान होकर उनपर पथराव कर तोड़फोड़ की। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। 5 पुलिसकर्मी तथा कुछ कैदी इस घटना में घायल हो गए हैं। गुरदासपुर सेंट्रल जेल में कैदियों और पुलिस के बीच टकराव के बाद जेल में हालात काफी संवेदनशील है। कैदियों ने जेल कर्मचारियों और अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कैदियों का कहना है कि उनके साथ न केवल दुर्?यवहार किया जाता है, बल्कि अनावश्यक तरीके से कड़े प्रतिबंध भी लगा दिए गए हैं। कथित तौर पर कैदी जेल के कर्मचारियों के दुर्व्यवहार, उचित चिकित्सा उपचार नहीं मिलने और कड़े प्रतिबंधों से परेशान थे। भड़के हुए कैदियों ने पुलिस फोर्स पर हमला कर कई पुलिसकर्मियों को गिरफ्त में ले लिया और उन्हें अपनी बैरकों में ले गए। कैदी इस कदर भड़के हुए थे कि पुलिस फोर्स बैरकों में घुसने की हिम्मत नहीं कर सका। कैदियों की गिरफ्त में फंसे जेलकर्मियों को छुड़ाने के लिए पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी।

# आखिर क्या हैं अल्फान्यूमेरिक नंबर...जिस लेकर एसबीआई को फिर लगी सुप्रीम कोर्ट से फटकार

**-16 मार्च को 5 बजे शाम तक का दिया समय**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट की ओर से फटकार खाने के बाद आखिरकार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने चुनाव आयोग को दो पीडीएफ फाइलें सौंप दी, लेकिन जो सबसे बड़ा मुद्दा था, उसका खुलासा हुआ ही नहीं। मुद्दा था यूनिक बॉन्ड नंबर को लेकर, जो होते हैं अल्फान्यूमेरिक नंबर। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने फिर से एसबीआई को फटकार लगाकर ये बात पूछ ली कि अल्फान्यूमेरिक नंबर कहां है। इस क्यों जारी नहीं किया गया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को 16 मार्च को 5 बजे शाम तक इन डेटा के बारे में जानकारी दे। मामला यहीं तक नहीं रुका, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एसबीआई 18 मार्च तक इस बात का भी जवाब दे कि उसने बॉन्ड नंबर क्यों नहीं जारी किया। इसके बाद आपके मन में ये सवाल उठ रहा होगा कि आखिर ये बॉन्ड नंबर या अल्फान्यूमेरिक नंबर आखिर होता क्या है? जो पार्टियों को लेकर इतनी बड़ी पोल खोल देगा, जिसका अंदाजा लगाना अभी थोड़ा मुश्किल हैं।

गौरतलब है कि अभी तक सभी को इंतजार था कि चुनावी बॉन्ड मिलने के बाद इस बात का पता लग जाएगा कि किस कंपनी या व्यक्ति ने किस पार्टी को कितने रुपये की रकम दान दी। 14 मार्च को जब इलेक्टोलल बॉन्ड चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड हुआ तब इस बात का पता चल गया कि किस कंपनी ने कितने रुपये की रकम दी है। और ये भी पता चल गया किस पार्टी को कितना रुपया मिला। लेकिन इस बात का नहीं पता चला कि किस विशेष कंपनी ने किस एक पार्टी को कितने रुपये दी है।

जब भी कोई कंपनी या व्यक्ति कोई भी बॉन्ड पार्टी के नाम से खरीदता है, तब उस एक कोड दिया जाता है। अल्फान्यूमेरिक कोड ठीक उसी तरह होता है जैसे आप पासवर्ड या कुछ आईडी वगैरह बनाते हैं तब उसमें कुछ अल्फाबेट कुछ नंबर या/और स्पेशल कैरेक्टर को मिलाकर कोड बनाते हैं। उसी तरह जब पार्टियों को चंदा देने के लिए कोई बॉन्ड खरीदता है, तब एसबीआई की तरफ से जो बॉन्ड दिया जाता है उसमें भी इसी तरह का एक कोड होता है। इस अल्फान्यूमेरिक नंबर से होता क्या है? इससे फायदा यह होता है कि इस बात की पहचान उस कोड से हो जाती है कि आखिर बॉन्ड को खरीदने और बेचने वाला व्यक्ति या कंपनी कौन है।




14 मार्च को आयोग की वेबसाइट पर पब्लिश हुई इलेक्टोरल बॉन्ड की डिटेल में ये बताया गया है कि किस कंपनी ने पैसा दिया, और ये भी बताया गया कि किस पार्टी को कितना रुपया मिला। लेकिन, ये नहीं बताया गया है कि किस कंपनी ने किस एक पार्टी को कितना रुपया दिया।

# टी20 विश्व कप सेमी फाइनल और फाइनल के लिए 'रिजर्व डे'

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अभी प्रयोग पर चल रहे 'स्टॉप क्लॉक' नियम को आगामी टी20 विश्व कप 2024 से सभी पूर्णकालिक सदस्यों के वनडे और टी20 अंतराष्ट्रीय में हमेशा इस्तेमाल करेगा। आईसीसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आईसीसी ने 'स्टॉप क्लॉक' नियम दिसंबर 2023 में शुरू किया था और अभी इसे इस्तेमाल किया जा रहा है जिसे एक जून 2024 से स्थायी कर दिया जाएगा।

आईसीसी ने अपनी सालाना बोर्ड बैठक के बाद एक बयान में कहा, 'स्टॉप क्लॉक' नियम जून 2024 से वेस्टइंडीज और अमेरिका में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के साथ सभी वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय में स्थायी हो जाएगा।' बयान के अनुसार, 'ट्रायल अप्रैल 2024 तक किया जाना था लेकिन इस ट्रायल के नतीजे साफ दिखाई दे रहे हैं जैसे मैच समय पर खत्म हो रहे हैं जिससे प्रत्येक वनडे मैच में करीबन 20 मिनट बच रहे हैं।'

नियम के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम को पिछला ओवर खत्म होने के 60 सेकेंड के अंदर नया ओवर शुरू करना होगा। इसके लिए मैदान पर लगी एक 'इलेक्ट्रोनिक' घड़ी 60 से लेकर शून्य तक उलटी गिनती करेगी और तीसरा अंपायर घड़ी शुरू करने का समय तय कर सकता है। क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के ऐसा नहीं करने पर उसे दो चेतावनी दी जाएगी और इसके बाद के उल्लंघन के लिए प्रत्येक घटना के लिए पांच रन का जुर्माना लगाया जाएगा।

आईसीसी ने हालांकि नियम में कुछ अपवाद भी शामिल किए और ऐसी स्थितियों में शुरू हुई घड़ी को रद्द कर दिया जाएगा जिसमें नया बल्लेबाज अगर ओवरों के बीच में आता है, आधिकारिक 'ड्रिंक्स ब्रेक' तथा किसी बल्लेबाज या क्षेत्ररक्षक के चोटिल होने की स्थिति में मैदान पर उपचार किया जाना शामिल है। इस नियम को तब भी लागू नहीं किया जायेगा अगर क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण समय खराब हुआ हो। आईसीसी की बैठक में टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल (27 जून) और फाइनल (29 जून) के लिए 'रिजर्व' (सुरक्षित) दिन को भी मंजूरी दी गई। लीग या सुपर आठ चरण के दौरान पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर रही टीम को कम से कम पांच ओवर डालने जरूरी होंगे। पर 'नॉकआउट% मैच में पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में 10 ओवर डालने की जरूरत होगी। वैश्विक संचालन संस्था ने भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफिकेशन प्रक्रिया को भी मंजूरी दी। टूर्नामेंट में 20 टीम हिस्सा लेंगे जिसमें से 12 स्वतः क्वालीफाई करेंगी। 2024 विश्व कप में शीर्ष आठ टीम भारत और श्रीलंका के साथ स्वतः क्वालीफाई करेंगी जबकि बचे हुए दो स्थान 30 जून 2024 तक आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में अगली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग टीम को मिलेंगे। इसके बाद बचे आठ स्थान आईसीसी क्षेत्रीय क्वालीफायर के जरिये तय होंगे।



# सात्विक-चिराग की जोड़ी ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप से बाहर




**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी गुरुवार रात यहां आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप के पुरुष युगल प्री क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी को प्री क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिल फिकरी और बागास मौलाना की जोड़ी से 16-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।

इंडोनेशियाई जोड़ी यहां 2022 में चैम्पियन रही थी। शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन खिताब जीता था लेकिन यहां तीसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के दबाव से नहीं निपट सकी और एक घंटे से ज्यादा समय तक चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गयी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी महिला युगल के राउंड 16 से बाहर हो गई। उन्हें चीन की झांग शु जियान और जेंग यु से 21-11 11-21 11-21 से पराजय झेलनी पड़ी।

शुक्रवार को भारत के लक्ष्य सेन का सामना पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के ली जि जिया से होगा। लक्ष्य ने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटोनसेन पर 24-22 11-21 21-14 की जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का अभियान दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी दक्षिण कोरिया की एन से यंग से 19-21 11-21 से हारकर समाप्त हो गया।

# श्रेयस अय्यर को बीसीसीआई केन्द्रीय अनुबंध मिलने की संभावनाएं बढ़ीं

## -आईपीएल के लिए फिट घोषित हुए



**मुंबई (एजेंसी)।** (ईएमएस)। बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी में बेहतर प्रदर्शन के कारण बीसीसीआई केन्द्रीय अनुबंध मिलने की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। इससे पहले उन्हें अनुबंध सूची में जगह नहीं मिली थी। श्रेयस ने रणजी ट्रॉफी फाइनल में विदर्भ के खिलाफ जिस प्रकार अच्छी बल्लेबाजी की है। उससे बीसीसीआई उनसे खुश है। श्रेयस को इस मैच में पीठ में जकड़न आ गयी थी पर अब वह ठीक है और उन्हें फिट घोषित कर दिया गया है। ऐसे में वह आईपीएल खेल सकते हैं। श्रेयस ने मुंबई के लिए दूसरी पारी में 111 गेंदों पर 95 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। बीसीसीआई इस बल्लेबाज में आये सुधार से भी खुश है। ऐसे में उन्हें केन्द्रीय अनुबंध मिल सकता है।

वहीं इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। बीच बीच में उन्हें पीठ दर्द ने परेशान किया। इसके चलते बीसीसीआई ने उन्हें अंतिम ग्यारह से बाहर कर दिया था। टीम प्रबंधन ने उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलने की सलाह दी थी पर श्रेयस ने इसकी अनदेखी की थी। इस कारण बीसीसीआई ने उन्हें केन्द्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया था। इसके बाद व रणजी खेलने के लिए तैयार हो गये। पीठ की ऐंठन के कारण वह मुंबई के आखिरी रणजी ट्रॉफी लीग मैच में नहीं खेल पाए पर इस दौरान उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स के प्री-सीज़न कैंप में भाग लेते दिखे जिससे बोर्ड नाराज हो गया था। इसके बाद बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि अगर खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट की जगह आईपीएल को प्राथमिकता देंगे तो उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिलेगी।

# चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 पर आईसीसी का रुख, बीसीसीआई को सरकार की मर्जी के खिलाफ पाकिस्तान जाने को नहीं कहेगा आईसीसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद यानी आईसीसी के कार्यकारी बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि अगले साल पाकिस्तान में चैम्पियंस ट्रॉफी 'हाइब्रिड मॉडल' पर कराना एक विकल्प हो सकता है क्योंकि आईसीसी भारत की भागीदारी पर फैसला नहीं ले सकता अगर सरकारी नीति उसके खिलाफ है।

आईसीसी बोर्ड की बैठक दुबई में चल रही है। चैम्पियंस ट्रॉफी फरवरी- मार्च 2025 में होनी है जिस पर बातचीत बैठक के एजेंडे में नहीं थी लेकिन पीसीबी के नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वह बीसीसीआई सचिव जय शाह और आईसीसी के आला अधिकारियों से बैठक से इतर बात करके आश्वासन लेने की कोशिश करेंगे। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने कहा कि बीसीसीआई टूर्नामेंट की तारीख करीब आने पर ही फैसला लेगा और यूएई में इसके आयोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

एक वरिष्ठ प्रशासक ने कहा, '' बोर्ड की बैठकों में हर सदस्य अपना मसला उठा सकता है जिस पर वोटिंग होती है। लेकिन अगर सदस्य देश की सरकार कहती है कि वे वहां नहीं खेल सकते तो आईसीसी को विकल्प तलाशने होते हैं।'' उन्होंने कहा, '' आईसीसी बोर्ड का रूख साफ है कि वह अपने सदस्यों से उनकी सरकार की नीति या निर्देशों के खिलाफ जाने की अपेक्षा नहीं करता।'' यह पूछने पर कि पाकिस्तान में खेलने से भारत के इनकार पर क्या उसके खिलाफ वोट होगा, सूत्र ने कहा कि सरकारी निर्देश होने पर यह स्थिति पैदा नहीं होगी।







बीसीसीआई के पूर्व पदाधिकारी ने कहा, '' यह नहीं भूलना चाहिये कि आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड या इंग्लैंड की तुलना में भारतीय क्रिकेट टीम को खतरे की संभावना अधिक है।'' जनवरी फरवरी में भारतीय डेविस कप टीम विश्व ग्रुप प्लेआफ मुकाबला खेलने इस्लामाबाद गई थी और खिलाड़ियों के साथ सहयोगी स्टाफ भी सुरक्षा इंतजामात से खुश था। क्रिकेट टीम का मामला हालांकि अलग है जिसमें विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह जैसे सुपरस्टार हैं। सूत्र ने कहा, '' यह वैश्विक टूर्नामेंट है और एशिया कप जैसा उपमहाद्वीपीय टूर्नामेंट नहीं लिहाजा भारत सरकार नरम रूख अपना सकती है। एशिया कप के दौरान बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला पाकिस्तान गए थे।

# केकेआर के मेंटोर गंभीर का कोलकाता पहुंचने पर भव्य स्वागत

कोलकाता। आईपीएल के लिए यहां पहुंचे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर गौतम गंभीर का यहां पहुंचने पर प्रशंसकों ने शानदार स्वागत किया। इसका एक वीडियो भी केकेआर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें टीम प्रबंधन के साथ गंभीर को दिखाया गया है। इसमें लिखा गया है, केकेआर के बॉस 7 लंबे साल के बाद एक विजेता के तौर पर कोलकाता में वापस आये हैं। गौरतलब है कि गंभीर साल 2011 से ही केकेआर के साथ बने हुए हैं। टीम को बेहतर बनाने में उनका अहम योगदान रहा है। उनके कप्तानी में केकेआर ने साल 2012 और 2014 में खिताब जीते थे। गंभीर ने साल 2018 में केकेआर को छोड़ दिया था। उसी साल पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले वह एक सत्र में उस समय की टीम दिल्ली डेयरडेविल्स से खेले थे। गंभीर के जाने के बाद से ही केकेआर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है। साल 2021 में टीम इयोन मोर्गन के नेतृत्व में फाइनल में पहुंची थी पर यहां उसे हार का सामना करना पड़ा था। वहीं पिछले 2 सत्र से टीम प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पायी थी। अब देखना है इस बार गंभीर के मार्गदर्शन में टीम कितनी सफल होती है।



# अश्विन के खेल में सुधार नहीं होने वाला एक ट्वीट जमकर हो रहा वायरल



नई दिल्ली। भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन ने हाल ही में अपना 100 वां टेस्ट खेला था। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ हुई टेस्ट सीरीज में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका भी निभाई थी। अंतिम टेस्ट में उन्होंने कुल नौ विकेट लिए थे। वहीं इसके बाद उनका एक ट्वीट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इससे कहा गया है कि तुम्हारे खेल में कोई सुधार नहीं हुआ है।

अब अश्विन ने इसी ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा, इतने सालों तक खेलने के बाद मेरे गेम में कोई सुधार नहीं हुआ और ऐसा केवल मेरी मां कह सकती है। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 36 बार 5 विकेट लेकर अनिल कुंबले को भी पीछे छोड़ दिया। कुंबले ने 132 मैच में 35 बार 5 विकेट लिए थे। अश्विन से आगे अब केवल तीन गेंदबाज ही हैं। पांचवे टेस्ट मैच में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर शेन वार्न का भी एक रिकार्ड तोड़ दिया। 100वें टेस्ट में जहां वार्न ने 8 विकेट लिए थे। वहीं अश्विन ने कुल 9 विकेट लिए थे।

# अभ्यास सत्र में ऋषभ पंत की बल्लेबाजी देख टीम के साथियों का बढ़ रहा मनोबल: रिकी पोंटिंग


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विशाखापत्तनम - दिल्ली कैपिटल्स टीम के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र से पहले अभ्यास सत्र के बाद कहा कि ऋषभ पंत (ऋद्मह्यद्धड्डड्ढ क्वुठ्ठह्ल) अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है जिससे टीम का मनोबल भी बढ़ रहा है। दिसंबर 2022 में अपने घर रूड़की जाते समय भयावह कार दुर्घटना के बाद पंत 14 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। अब उन्हें बतौर बल्लेबाज और विकेटकीपर खेलने के लिए बीसीसीआई से मंजूरी मिल गई है।

पोंटिंग ने कहा कि हमें पिछले साल उसकी कमी खली। पूरे टूर्नामेंट को उसकी कमी खली। ऋषभ टीम में ऊर्जा लेकर आता है। उसके चेहरे पर मुस्कान है और वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है जिससे पूरी टीम का मनोबल बढ़ा है। उन्होंने स्वीकार किया कि आईपीएल में दिल्ली के पहले मैच में भले ही 8 दिन बाकी रह गए हैं लेकिन टीम ने अभी लय नहीं पकड़ी है। उन्होंने कहा कि हमने अभी शुरूआत ही की है। हम तुरंत ही सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं आ जाएंगे। अभी पहले मैच के बारे में नहीं सोच रहे हैं।

पोंटिंग ने कहा कि हम अभी तक पहले गेम का इतना भी इंतजार नहीं कर रहे हैं। हम कुछ बड़े काम कर रहे हैं। हम बिल्कुल अलग दृष्टिकोण पर काम नहीं कर रहे। जब भी मैं यहां आता हूं तो आईपीएल जीतने की इच्छा के बारे में बात करता हूं। मैं इस वर्ष इसके बारे में और अधिक बात करने जा रहा हूं। मैं चाहता हूं कि लोग पूरी तरह से व्यस्त रहें और यही कारण है कि हम सभी यहां हैं। पोंटिंग बोले- इस टीम को सफलता दिलाना मेरा काम है। हम क्वालिफाई करने के लिए पर्याप्त गेम जीतने के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। हम बात कर रहे हैं आईपीएल जीतने की।



# मधुमक्खियों के हमले से बचे अल्काराज इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में



इंडियन वेल्स (अमेरिका)। कार्लोस अल्काराज ने मधुमक्खियों के हमले के कारण करीब दो घंटे के विलंब के बाद एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3 6-1 से हराकर बीएनपी पारिबस ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरूवार को मुकाबले के दौरान अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया जिससे अल्काराज खुद को बचाते हुए छिप गये और मैच शुरू होने के 19 मिनट ही यह घटना हुई। तब अल्काराज 1-1 की बराबरी पर थे। दर्जनों मधुमक्खियां 'स्पाइडर कैमरे' पर चिपक गईं और उन्हें 'वैक्यूम' से हटाया गया। बाद में कोर्ट के करीब दीवारों और सीट पर स्प्रे बोटल का इस्तेमाल किया गया। मैच एक घंटे 48 मिनट की देरी के बाद शुरु हुआ। यानिक सिनर ने जिरी लेचेका को 6-3 6-3 से हराकर इस साल लगातार 16वें मैच में जीत दर्ज की। अब शनिवार को सिनर का सामना अल्काराज से होगा। टॉमी पॉल ने नौवें वरीय कैस्पर रूड को 6-2 1-6 6-3 से हराकर अपने करियर के दूसरे मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिलाओं के वर्ग में शीर्ष वरीय इगा स्वियातेक ने पहले सेट में 1-4 से वापसी करते हुए बढ़त बनायी लेकिन कैरोलिन वोज्नियाकी को चोट के कारण क्वार्टरफाइनल से हटने पर मजबूर होना पड़ा। कोको गॉफ ने डेढ़ घंटे तक चले मुकाबले में युआन युए को 6-4 6-3 से शिकस्त दी। यूक्रेन की मार्ता कोस्तयुक ने रूस की अनास्तासिया पोटापोवा को 6-0 7-5 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# स्मिथ किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने में सक्षम : टिम पेन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन ने कहा है कि वह स्टीव स्मिथ को सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलते देखना चाहते हैं हालांकि वह किसी भी क्रम पर खेल सकते हैं। डेविड वार्नर के संन्यास के बाद से ही स्मिथ को सलामी बल्लेबाज के तौर पर रखा गया है पर वह इसमें सफल नहीं होते। स्मिथ न्यूजीलैंड के खिलाफ समाप्त हुई दो टेस्ट मैचों की सीरीज के दौरान चार पारियों में केवल 51 रन ही बना पाये थे। अब तक खेले गए चार टेस्ट मैचों में स्मिथ ने 28.50 की औसत से 171 रन बनाए हैं, जिसमें वेस्ट इंडीज के खिलाफ उनकी 91 रन की एकमात्र अर्धशतकीय पारी भी शामिल है। पेन ने स्मिथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह कहीं भी बल्लेबाजी करने के लिए काफ़ी अच्छे हैं। उन्होने कहा, मैं उसे एक सलामी बल्लेबाज के रूप में सफल होते देखना पसंद करूंगा, मुझे लगता है कि वह पारी की अच्छी शुरुआत कर सकते हैं। वह कहीं भी बल्लेबाजी करने के लिए काफी अच्छा है।



वहीं स्मिथ का नंबर चार स्थान पर शानदार रिकॉर्ड रहा है, इस स्थान पर उन्होंने 67 टेस्ट खेले हैं। इन मैचों की 111 पारियों में उन्होंने 61.50 की औसत से 5,966 रन बनाए हैं, जिसमें 19 शतक और 26 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 239 है। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि कोई भी विपक्षी टीम चाहेगी कि उसे स्मिथ को सलामी बल्लेबाज के रूप में आउट करने का अवसर मिले। पेन ने कहा, मैं अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेल रहा होता, तो मैं चाहता कि स्मिथ बल्लेबाजी की शुरुआत करें।

# पेरिस ओलंपिक में प्रदर्शन में निरंतरता होगी सफलता की कुंजी : पी आर श्रीजेश

नई दिल्ली। बरसों बाद भारतीय पुरूष हॉकी टीम ओलंपिक में पदक विजेता के रूप में उतरेगी और अपेक्षाओं के दबाव को ऊर्जा का स्रोत मानने वाले अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश ने कहा कि टीम का फोकस प्रदर्शन में निरंतरता पर है जो ओलंपिक में कामयाबी की कुंजी साबित होता है। श्रीजेश ने कहा कि पिछली बार तक सभी बोलते थे कि हमारा हॉकी में गौरवशाली इतिहास है और हमें ओलंपिक में पदक जीतना है। इस बार हमारे पास पदक है और अपेक्षाएं बढ़ गई है और हमने उसके बाद से अच्छा प्रदर्शन भी किया है। यह सकारात्मक दबाव है और याद दिलाता है कि हम पदक जीतने में सक्षम हैं। केरल के इस गोलकीपर ने कहा कि हमारी टीम का मंत्र है कि आउटसोर्स दबाव को बाहर ही रखो, उसे भीतर लेकर मत आओ। दबाव हम खुद बनाते हैं, परिवार का, महासंघ का, दर्शकों का, मीडिया का या फिर सोशल मीडिया का। लेकिन हम उसे टीम में नहीं लाते और अपने खेल पर फोकस रखते हैं। अपनी ताकत, कमजोरियां, लक्ष्य बस इस बारे में ही सोचते हैं। अपने कैरियर में 16 अंतरराष्ट्रीय पदक जीत चुके पद्मश्री श्रीजेश ने कहा कि दबाव ओलंपिक का हिस्सा है लेकिन हम उसे सकारात्मक लेकर ऊर्जा का स्रोत के रूप में इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 4 साल में टीम में और कोचिंग स्टाफ में बदलाव हुआ और माहौल भी बदला है। लेकिन लक्ष्य एक ही है कि हमें ओलंपिक पदक जीतना है और वही सभी के दिमाग है। कई बार निचली रैंकिंग की टीम से हमें कड़ी चुनौती मिली है लिहाजा हम निरंतरता पर फोकस कर रहे हैं। ओलंपिक में पहले दिन से आखिरी दिन तक हॉकी के मैच होते हैं। पिछले मैच को भुलाकर तुरंत अगले मैच पर फोकस करना जरूरी होगा और यही निरंतरता काम आएगी।



# धोनी सिर्फ एक ही है, मैं ध्रुव बनकर ही खुश हूं :ज्यूरेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंगलैंड बनाम भारत टेस्ट सीरीज के दौरान युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव ज्यूरेल को उनकी परफार्मेंस के कारण खूब तारीफ मिली थी। कई फैंस ने तो उनकी महेंद्र सिंह धोनी से भी तुलना कर दी। अब इस मामले पर ज्यूरेल ने एक इंटरव्यू के दौरान अपनी बात रखी है। उनका कहना है कि कोई भी पूर्व कप्तान की बराबरी नहीं कर सकता। ज्यूरेल जोकि टेस्ट सीरीज के दौरान विकेट के पीछे अपने तेजतर्रार रवैये के कारण चर्चा में आए, ने इस दौरान अपने भविष्य पर भी बात की।

दरअसल, भारतीय पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने टेस्ट सीरीज में ज्यूरेल की परफार्मेंस देखने के बाद उनकी तुलना धोनी से की थी। लेकिन 23 साल के ज्यूरेल ने एक इंटरव्यू में कहा कि मेरी तुलना धोनी सर से करने के लिए गावस्कर सर आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। लेकिन मैं निजी तौर पर कहना चाहता हूं कि धोनी सर ने जो किया है, उसे कोई दोहरा नहीं सकता। केवल एक ही धोनी है। हमेशा था और हमेशा रहेगा। मेरे लिए, मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल बनना चाहता हूं। मैं जो भी करता हूं, ध्रुव जुरेल जैसा करना चाहता हूं। धोनी सर एक लीजेंड हैं और वह हमेशा ऐसे ही रहेंगे।

ज्यूरेल ने इस दौरान इंडियन कैप हासिल करने को सपना सच होने जैसा बताया। ज्यूरेल ने कहा कि यह (टेस्ट कैप हासिल करना और मैन ऑफ द मैच हासिल करना) अभी तक खत्म नहीं हुआ है। क्रिकेट के सबसे शुद्ध रूप टेस्ट में खेलना खुशी की बात थी। मुझे यकीन था कि मैं किसी दिन टेस्ट क्रिकेट खेलूंगा और यह हो गया। यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा क्षण रहा। मैं हमेशा से टेस्ट खेलना चाहता था। जब मैं अंडर-19 खेल रहा था, तो मेरा लक्ष्य 200 टेस्ट खेलना था, जो मुझे बाद में एहसास हुआ कि यह संभव नहीं था।

ज्यूरेल ने इस दौरान टेस्ट क्रिकेट और आईपीएल की तुलना को अवास्तविक भी बताया। उन्होंने कहा कि (मेरे लिए) आईपीएल ने (टेस्ट) क्रिकेट के प्रति प्यार को कम नहीं किया है। जब मुझे बैगी कैप (भारत टेस्ट कैप) मिली, तो यह पूरी तरह से एक अलग एहसास था। (दोनों के बीच) कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। टेस्ट क्रिकेट एक अलग स्तर पर है। वहीं, टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह होने पर ज्यूरेल ने कहा कि वह अभी इसके बारे में सोच नहीं रहे हैं।



# कैंप्स वाले एक्टर्स की तरह नहीं मिली कॅरियर को गति: तापसी पन्नू



बालीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू को अफसोस है कि उनके करियर को वो रफ्तार हासिल नहीं हुई, जो कैंप्स वाले एक्टर्स को हुई। हाल ही में इस एक्ट्रेस ने बॉलीवुड कैंप पर चुप्पी तोड़ी और बताया कि आखिर कैसे इस कैंप में शामिल हुआ जा सकता है। 36 साल ये एक्ट्रेस हैं शाहरुख खान के साथ फिल्म डंकी में काम कर चुकीं तापसी पन्नू। तापसी हमेशा से ही इंडस्ट्री में चल रहे कैंप कल्चर, आउटसाइडर्स डिबेट और नेपोटिज्म पर अपने विचार खुलकर रखती आई हैं।

हाल ही में उन्होंने बताया कि आखिर उन्हें बड़ी फिल्में वैसी हासिल क्यों नहीं हो सकी, जैसे कैंप्स वाले एक्टर्स को दी जाती हैं। तापसी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया है कि उन्हें बड़ी फिल्मों में सिर्फ इसलिए जगह नहीं मिलती, क्योंकि वो किसी कैंप का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह देर रात होने वाली पार्टीज में जाने से उन कैंप में जगह मिल सकती है, लेकिन वो ऐसी किसी पार्टी का हिस्सा बनना पसंद नहीं करती हैं। तापसी ने अपना दर्द जाहिर करते हुए कहा, यहां कई बॉलीवुड कैंप हैं। नेपोटिज्म, जिस पर हम बात करते हैं, वहीं प्रॉब्लम है कि लोगों को आसानी से उन कैंप्स में जगह नहीं मिलती।

अगर कोई बड़ी बजट फिल्म बन रही है, तो मुझे यकीन है कि कोई मेरी बेइज्जती कर ये नहीं कहेगा कि मैं उस रोल के लिए फिट नहीं हूं, लेकिन हां मुझे उस फिल्म में हिस्सा नहीं दिया जाएगा, क्योंकि मेरे नाम को वहां तक पहुंचने नहीं दिया जाएगा। एक्ट्रेस ने आगे कहा, कड़वी सच्चाई यही है कि बड़ी फिल्में एक्सेस मिलने से ही मिलती हैं और मेरे पास उस जगह तक पहुंचने का एक्सेस नहीं है। फिल्मी पार्टीज ही एकमात्र जरिया है, जिससे उन कैंप का हिस्सा बना जा सकता है। आप उन लोगों के साथ सोशल होते हैं, फिर उनसे दोस्ती होती है और फिर वो आपको काम देते हैं। ये ठीक है, लेकिन मैं ऐसा नहीं कर सकती। तापसी ने बताया कि आखिर वो ऐसा क्यों नहीं कर सकती।

उन्होंने कहा ऐसा करने के लिए आपको 10 बजे के बाद होने वाली पार्टीज में जाना होता है, लेकिन मेरे लिए ये बहुत थका देने वाली प्रोसेस है। मैं ये करने की बजाए, ज्यादा मेहनत और अच्छा काम करके फिल्में हासिल करती हूं। बता दें कि साल 2013 में बॉलीवुड में एक हसीना ने कदम रखा, जिन्होंने अक्षय कुमार से शाहरुख खान तक के साथ किया। 10 साल के करियर में उन्होंने 15 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। करियर की तीन फिल्में हिट रही, लेकिन उनके बाद उनके करियर में कई फ्लॉप फिल्में भी आई। 36 साल की इस हसीना ने पिछले साल एक सुपरहिट फिल्म दी।

# ज़ानाई भोसले का श्रद्धा ने किया स्वागत



बालीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की बहन ज़ानाई भोसले को द प्राइड ऑफ महाराष्ट्र- छत्रपति शिवाजी महाराज के साथ एक अभिनेत्री के रूप में अपनी शुरुआत कर रही हैं। इस मौके पर श्रद्धा कपूर ने बहन ज़ानाई भोसले को अपना उत्साहजनक समर्थन दिया है।

फिल्म एक निर्देशक के रूप में संदीप सिंह की नाटकीय शुरुआत है, और ज़ानाई भोसले शिवाजी महाराज की पत्नी, रानी साईं भोंसले की भूमिका निभाती नजर आएँगी। श्रद्धा कपूर ने कहा, मेरी बहन ज़ानाई मनोरंजन की दुनिया में कदम रखने और अपने प्रदर्शन से हमें मंत्रमुग्ध करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वे सिनेमाई श्रद्धांजलि द प्राइड ऑफ भारत छत्रपति शिवाजी महाराज में रानी साईं भोंसले की भूमिका निभा रही हैं। मैं उन्हें फिल्म में पहली बार देखने के लिए उत्सुक हूँ और मेरी शुभकामनाएँ उनके साथ हैं। अपनी पहली ही फिल्म के लिए इतना चुनौतीपूर्ण रोल मिलना अपने आप में एक उपलब्धि है। जब भी उन्हें मार्गदर्शन की आवश्यकता होगी, मैं हमेशा वहाँ मौजूद रहूँगी। बता दें कि द प्राइड ऑफ भारत- छत्रपति शिवाजी महाराज को बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है और यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर 19 फरवरी, 2026 को रिलीज़ होगी।

यह फिल्म संदीप सिंह की नाटकीय निर्देशन की पहली फिल्म है और इसे इमर्सो स्टूडियो और लीजेंड स्टूडियो द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इस बारे में संदीप सिंह ने आगे कहा, बॉलीवुड में आमतौर पर बहनें एक-दूसरे का समर्थन नहीं करती हैं, लेकिन श्रद्धा कपूर एक अपवाद हैं, जिन्होंने अपनी बहन ज़ानाई की क्षमता और प्रतिभा पर विश्वास किया है। मुझे यकीन है कि श्रद्धा का प्रोत्साहन उनके लिए शक्ति का काम करेगा।

# एक्ट्रेस राजलक्ष्मी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में

25 साल पहले आया सॉन्ग 'चुपके चुपके सखियों से वो' एक्ट्रेस राजलक्ष्मी खानविलकर और एक्टर जॉन अब्राहम पर फिल्माया गया था। गाने में दोनों की केमिस्ट्री को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पांस मिला था।

एक्ट्रेस राजलक्ष्मी खानविलकर की खूबसूरती ऑडियंस के दिलों में कुछ यूं उतरी थी कि हर कोई उनकी सुरमई आंखों का दीवाना हो गया था। म्यूजिक वीडियो से पॉपुलैरिटी हासिल कर एक्ट्रेस राजलक्ष्मी खानविलकर अपने एक्टिंग करियर में भले ही कुछ खास बुलंदियों को ना छू पाई हों, लेकिन एक्ट्रेस की निजी जिंदगी हमेशा से ही सुर्खियों में छाई रही है। एक्ट्रेस राजलक्ष्मी खानविलकर ने साल 1996 में फिल्म निर्देशक और एक्टर समीर सोनी से शादी की थी, लेकिन शादी के 6 महीने बाद ही कपल का तलाक हो गया था।




समीर सोनी ने एक्ट्रेस संग अपने तलाक के बारे में बात करते हुए बताया था कि जिस दिन उनकी पहली फिल्म का प्रीमियर हुआ था उसी दिन उनका और राजलक्ष्मी का तलाक फाइनल हुआ था। वह रात एक्टर के जीवन की सबसे मुश्किल रातों में से एक थी क्योंकि तलाक के साथ ही एक्टर की पहली फिल्म पर्दे पर आई, लेकिन उस फिल्म में से उनके ज्यादातर सीन्स काट दिए गए थे। समीर सोनी ने अपने उसी इंटरव्यू में कहा था कि राजलक्ष्मी और उन्होंने बहुत जल्द ही तलाक लेने का फैसला कर लिया था और उन्हें अपनी शादी को थोड़ा और समय देना चाहिए था। समीर सोनी से शादी के महज 6 महीने के अंदर तलाक लेने के बाद राजलक्ष्मी खानविलकर ने साल 2000 में 'आशिकी' फेम एक्टर राहुल रॉय से दूसरी शादी कर ली। शुरुआत के कई साल कपल ने खुशहाल जिंदगी गुजारी, लेकिन साल 2014 में उनका तलाक हो गया।

# ओटीटी जलवा दिखा रहे सुनील शेट्टी

बालीवुड एक्टर सुनील शेटटी अपना जलवा ओटीटी पर भी दिखा रहे हैं। अपने दमदार अभिनय से सुनील शेट्टी ने अपनी अलग पहचान बनाई है। 90 के दशक में सुनील शेट्टी सिनेमाघरों में छाए रहते थे, लेकिन जिस स्टाडरम की उन्हें तलाश थी, वो स्टाडरम उन्हें मिल नहीं पाई। आज सुनील शेट्टी बॉक्स ऑफिस के बादशाह होते, अगर उनकी 33 फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हो गई होती, लेकिन किसी न किसी वजह से उनकी 33 फिल्में सिनेमाघरों तक पहुंच नहीं सकी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इनमें से कुछ फिल्में टाइटल अनाउंसमेंट के बाद ही डिब्बाबंद हो गईं, तो कुछ फिल्मों के पोस्टर तक रिलीज हुए, लेकिन वो भी बाद गुमनाम हो गईं।कहा जाता है कि बजट की समस्या की वजह से सुनील शेट्टी की 33 फिल्में बन नहीं सकीं, कुछ फिल्मों की तो शूटिंग भी शुरू हुई थी, लेकिन फाइनेंसर न मिलने की वजह से उन फिल्मों की शूटिंग को बीच में ही रोकना पड़ गया था। तो चलिए, आपको सुनील शेट्टी की उन फिल्मों के बारे में बताते हैं, जो सिनेमाघरों तक पहुंच ही नहीं पाईं। इसमें सबसे पहला नाम आता है एक और फौलाद का जिसमें वह दिव्या भारती के साथ नजर आने वाले थे।

दो कदम आगे में भी सुनील शेट्टी दिव्या भारती के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले थे। वहीं, फिल्म जाहिल में वह रवीना टंडन के साथ नजर आने वाले थे, हम हैं आग में सुनील शेट्टी की जोड़ी सोमी अली के साथ बनी थी, अयुद्ध में सोनाली बेंद्रे के साथ वह स्क्रीन शेयर करने वाले थे, दि बॉडीगार्ड में वह श्रीदेवी के साथ पर्दे पर नजर आने वाले थे। कौरव में उनकी जोड़ी अक्षय कुमार के साथ बनी थी, लेकिन ये फिल्म भी बन नहीं पाई, हालांकि फिल्म मोहरा में इस जोड़ी ने खूब धमाल मचाया था। वहीं, रुस्तम में मनीषा कोइराला के साथ, चोरी मेरा काम में शिल्पा शेट्टी और सलमान खान के साथ, कर्मवीर में विनोद खन्ना के साथ सुनील शेट्टी नजर आने वाले थे।




कैप्टन अर्जुन में सुनील की जोड़ी ममता कुलकर्णी के साथ, काला पानी में अजय देवगन और करिश्मा कपूर के साथ, कमिश्नर में शिल्पा शेट्टी के साथ, जुआ में मनीषा कोइराला के साथ, राधेश्याम सीता राम में ऐश्वर्या राय के साथ बनी थी। वहीं सुनील की जज्बा, मुक्ति,फेम, गुड नाईट, फांसी दि कैपिटल पनिशमेंट, मुंबई टैक्सी सर्विस, शोमैन, चाय गर्म, शूटर, शोला, चोर सिपाही और अखंड जैसी फिल्में भी सिनेमाघरों तक पहुंच नहीं पाईं। फिल्म पूरब की लैला पश्चिम का छैला में सुनील नम्रता शिरोडकर के साथ, हम पंछी एक डाल के में ऐश्वर्या राय के साथ, एक हिंदुस्तानी में रवीना टंडन के साथ, वंदे मातरम में संजय दत्त के साथ, गहराई में रवीना टंडन के साथ नजर आने वाले थे।

# ओडेला 2 में भगवान शिव की भक्त बनी दिखाई देगी तमन्ना भाटिया

बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया अपनी आगामी फिल्म ओडेला 2 के लिए तैयार हो चुकी हैं। अभिनेत्री ने अपना पहला लुक सोशल मीडिया पर साझा कर खुशी जाहिर की है। बता दें कि अभिनेत्री अभी ओडेला-2 की शूटिंग वाराणसी में कर रही हैं। इसके बाद जब पूरा देश भगवान शिव की भक्ति में लीन है, तो अभिनेत्री ने कुछ समय निकालकर अपना पहला लुक अपने सोशल मीडिया पर एक्स अकाउंट पर साझा किया है। फोटोज में अभिनेत्री लाल और सतरंगी रंग के कपड़े पहनी हुई नजर आ रही हैं। इसके साथ ही अभिनेत्री के एक हाथ में डमरू, दूसरे हाथ में छड़ी नजर आ रही है। उनके माथे पर भगवान शिव का तिलक भी नजर आ रहा है। फिल्म का पोस्टर भी पहली दफा सार्वजनिक किया गया है, जिसमें अभिनेत्री को शिव शक्ति के रूप में दिखाया गया है, जिससे संकेत मिल रहे हैं कि वह फिल्म में भगवान शिव की भक्त का किरदार निभा रही होंगी।

अभिनेत्री ने ओडेला-2 फिल्म में अपना पहला लुक साझा कर कहा कि मुझे अपना पहला लुक महाशिवरात्रि के खास मौके पर साझा करते हुए खुशी हो रही है। बता दें कि ओडेला-2 डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई ओडेला रेलवे स्टेशन की अगली कड़ी है। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है।




# 2025 के ईद पर रिलीज होगी सलमान की अगली फिल्म



बालीवुड स्टार सलमान खान ने अपने प्रशंसकों को रमजान का तोहफा देते हुए अपनी अगली फिल्म की घोषणा कर दी है। यह फिल्म अगले साल 2025 के ईद पर रिलीज होने वाली है। सलमान इस फिल्म के लिए साजिद नाडियाडवाला के साथ जुड़ रहे हैं और इसका निर्देशन मुरुगादॉस करने वाले हैं, जो 15 साल पहले दर्शकों को आमिर खान के साथ दर्शकों को गजनी दे चुके हैं। फिल्म के नाम की अभी घोषणा नहीं हुई है। ज्ञातव्य है कि साजिद और सलमान साल 2014 की हिट फिल्म किक के बाद अब साथ आ रहे हैं। वहीं, मुरुगदॉस के साथ सलमान पहली बार काम करेंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सलमान खान ने फिल्म को कन्फर्म किया है। उन्होंने पोस्ट किया, एक बहुत ही मजेदार फिल्म के लिए प्रतिभाशाली मुरुगदॉस और मेरे दोस्त साजिद नाडियाडवाला के साथ जुड़कर खुशी हुई। यह सहयोग काफी खास है और मैं आपके प्यार और आशीर्वाद से इस जर्नी की शुरुआत कर रहा हूं। यह फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होने वाली है।

बता दें कि इस फिल्म का बजट लगभग 400 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। हालांकि, अभी नाम से पर्दा नहीं उठ सका है, लेकिन एक्शन थ्रिलर यह मूवी पुर्तगाल और अन्य यूरोपीय देशों में शूट की जा सकती है। इसे साजिद नाडियाडवाला की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म माना जा रहा है। पिंकविला ने सोर्सेज के हवाले से बताया था कि फिल्म को लेकर इस साल की शुरुआत में कुछ मीटिंग्स हो चुकी हैं और अब जल्द से जल्द फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो जाएगी। पिछले साल फिल्म की स्क्रिप्ट से भी आमना-सामना हो चुका है।

बता दें कि गत वर्ष दीपावली के अवसर पर टाइगर 3 में नजर आए सलमान खान की अगली फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। सलमान खान के प्रशंसक इस बात को लेकर चिंतित नजर आ रहे थे सलमान खान कब अपनी अगली फिल्म की घोषणा करने वाले हैं। हालांकि उनके हाथ में आदित्या चोपड़ा की स्पाई सीरीज की फिल्म टाइगर बनाम पठान है, लेकिन इसकी शुरूआत कब होगी इसकी कोई जानकारी सामने नहीं आ पाई है।

# विकास की ऊंचाइयों को छू रही है डबल इंजन की सरकार: डॉ. महेश शर्मा

**सांसद ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास, कई सेक्टरों में किया जनसंपर्क**



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा.महेश शर्मा ने एमएलसी श्रीचंद शर्मा की निधि से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास/लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार में गौतमबुद्ध नगर की विकास यात्रा नई ऊंचाइयों को छू रही है।

"गाँव चलो अभियान" के दौरान सांसद डा. महेश शर्मा ने विधानसभा जेवर के ग्राम रौनीजा, रुस्तमपुर, भुन्नातगा, मकसूदपुर, उटरावली, मोहम्मदपुर, हाजीपुर, दूगली, झाझर, मारहरा, जौनचाना में जन संपर्क किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाएं आप सभी तक सीधे सीधे पहुंच रही है। प्रधानमंत्री जी का सपना है कि विकसित भारत संकल्प को लेकर हमसब प्रतिबद्ध रहेंगें। मोदी जी की गारंटी है कि आने वाले समय में जो कार्य अभी पूर्ण नही हुए है उनको भी पूर्ण करेंगें और क्षेत्र का विकास करना हमारा संकल्प है। इस क्षेत्र में लगातार सांसद, विधायक, एमएलसी एवं जिला पंचायत निधि से विकास निरंतर हो रहा है। हमसब मिलकर इस बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पूर्ण बहुमत की सरकार दें।

"गांव चलो अभियान" के दौरान सतपाल तालान, सांसद प्रतिनिधि, सोनू वर्मा, सांसद प्रतिनिधि, धर्मेन्द्र पाटिल, संजीव शर्मा, बॉबी शर्मा, दिनेश भाटी, निकुंज शर्मा, नवीन शर्मा, सुमित बैसला, अतीक, ओमबीर चौहान, सुरेन्द्र चौहान, कपिल गुर्जर, सोविन्दर, ओमकार भाटी, नीरज शर्मा, विक्रम भाटी, सुनील भाटी, संजय रावत, प्रदीप अत्री, मनोज जैन, विनोद शोलंकी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकली सैक्टर-82 में कलश यात्रा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-82 स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस शुक्रवार को ढोल नगाड़ों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा सेक्टर पॉकेट-7 में घूमती हुई पुन: शिव मंदिर परिसर स्थित कथा स्थल पर पहुंची।

कलश यात्रा के उपरांत मंत्रोच्चार के बीच पुराण पूजन एवं व्यास जी का तिलक कर पूजन किया गया। कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास आचार्य विनोद कृष्ण महाराज ने भागवत माहात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि जब कोटि जन्मों का पुण्य उदय होता है तब जाकर हमें श्रीमद्भागवत कथा सुनने को मिलती है। कथा के श्रवण मात्र से हमारे मेरु पर्वत के समान पापों का शमन हो जाता है। इसलिए जीवन में हमेशा नेक कार्य करते रहना चाहिए। परोपकार की भावना हमारे जीवन को श्रेष्ठता प्रदान कर भगवान के निकट ले जाने का कार्य करती है वहीं दुर्व्यसन हमें पतन की ओर ले जाते हैं। कथा व्यास आचार्य विनोद कृष्ण ने



कथा सुनाते हुए कहा कि पावन नैमिषारण्य तीर्थ में सूत जी महाराज कथा सुना रहे हैं और सौनकादिक ऋषि श्रोता के रूप में कथा का श्रवण कर रहे हैं। सूत जी ने भागवत का महात्म्य बताते हुए कृष्ण भक्ति को श्रेष्ठ बताया। भक्ति, ग्यान, वैराग्य की विषद व्याख्या के अलावा गोकरण धुन्धकारी की कथा एवं शुकदेव जन्म आदि की कथा सुनाई।

इस अवसर पर पंडित विनोद मिश्रा, राघवेंद्र दुबे, पंडित अजय पांडेय, पंडित अजय शुक्ला , अशोक तिवारी, सुशील पाल, विष्णु शर्मा, राजवीर सिंह , रमेश चंद्र दास सहित तमाम भगवत्प्रेमी भक्त मौजूद रहे।

# गौतमबुद्धनगर में रिकॉर्ड मतों से होगी डॉ. महेश शर्मा की जीत जयप्रकाश प्रजापति

**नोएडा ( चेतना मंच )।** देश व प्रदेश में चल रही डबल इंजन की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्य तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की झड़ी के आगे समूचा विपक्ष हताश व निराशा है। भाजपा को चुनौती देने के लिए बना गठबंधन अंतिम सांस ले रहा है। ऐसे में पूरे देश में मोदी जी के नारे अबकी बार 400 पार को धरातल पर उतरने से कोई नहीं रोक सकता है।



यह दावा किया भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष तथा दर्जा प्राप्त केन्द्रीय मंत्री डॉ. लोकेश प्रजापति के नोएडा स्थित कैंप कार्यालय के प्रभारी जयप्रकाश प्रजापति का। जयप्रकाश ने बताया कि गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा इस बार जीत की हैट्रिक लगाएंगे। विपक्ष गठबंधन हार के डर से अपना प्रत्याशी तक नहीं उतार पा रहा है। सपा, बसपा व कांग्रेस के हाथ पांव निराशा के कारण फूले हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार डॉक्टर महेश शर्मा रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेंगे।

# डा. महेश शर्मा के लिए प्रचार करेंगे व्यापारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश चेयरमैन ने घोषणा की है कि आगामी लोकसभा चुनाव में संगठन डॉ. महेश शर्मा के प्रचार के लिए सभी बाज़ारों में समन्वय समिति बनायी जाएगी। हर बाज़ार के अंदर पाँच पाँच लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश चेयरमैन श्री गुप्ता ने कहा कि सभी को बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लेना चाहिए। नोएडा और गौतमबुद्धनगर के लिए डॉ. महेश शर्मा ने कर दिया है वो कोई सपने में भी नहीं सोच सकता। इस बार डॉ. महेश शर्मा को 5, लाख से अधिक वोटों से जिताया जाएगा।



उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की जगह जगह बूथ बनाकर अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए नुक्कड़ नाटकों का कार्यक्रम का आयोजन करेंगे।


SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, Pl-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower,Alpha 1
Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308



स्मार्ट प्रदेश
उत्तर प्रदेश



नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर एवं आगरा में मेट्रो रेल सेवा
17 नगर निगम एवं गौतमबुद्धनगर में सेफ सिटी परियोजना का क्रियान्वयन
मेरठ से दिल्ली तक देश की प्रथम रेल रैपिड रेल सेवा

स्मार्ट सिटीज रैंकिंग में देश के टॉप-10 शहरों में उत्तर प्रदेश के आगरा एवं वाराणसी महानगर शामिल

इंडिया स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव-2023 में उत्तर प्रदेश 10 विभिन्न श्रेणियों में अचीवर स्टेट, नार्थ जोन की टॉप स्मार्ट सिटी के रूप में वाराणसी महानगर पुरस्कृत

स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत प्रदेश के 10 शहरों (आगरा, अलीगढ़, बरेली, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मुरादाबाद, प्रयागराज, सहारनपुर और वाराणसी) में ₹9313 करोड़ की 670 परियोजनाओं पर कार्य गतिमान

10 स्मार्ट सिटीज में 6 श्रेणियों में स्वीकृत कार्यों में से 646 कार्य पूर्ण

राज्य स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत अयोध्या, फिरोजाबाद, गोरखपुर, गाजियाबाद, मथुरा-वृंदावन, मेरठ एवं शाहजहांपुर का स्मार्ट सिटी के रूप में विकास

अमृत योजना के अंतर्गत पेयजल की 157, सीवरेज की 84, हरित भूमि एवं पार्क की 530 परियोजनाएं पूर्ण, 91 परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर

इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर एवं सीसीटीवी कैमरों से जन-जन को सुरक्षा कवच

महिलाओं, वृद्धों, दिव्यांगों एवं बच्चों के लिए आवश्यक सुविधाओं का विकास

नवसृजित/ सीमा विस्तारित/उच्चीकृत नगर निकायों में मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना संचालित, ₹550 करोड़ का प्रावधान

100 आकांक्षी नगर निकायों के समग्र विकास हेतु आकांक्षी नगर योजना शुरू

3सी दृष्टिकोण यानी कन्वर्जेंस (अभिसरण), कोलैबरेशन (सहयोग) और कॉम्पिटिशन (प्रतिस्पर्धा) के आधार पर आकांक्षी नगर योजना का क्रियान्वयन

आकांक्षी नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री फेलो के रूप में 100 प्रोफेशनल्स की नियुक्ति

9 लाख व्यक्तिगत शौचालयों, 69,381 सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण

निकायों में 1,100 पिंक शौचालयों का निर्माण

प्रदेश के 75 पर्यटक और ऐतिहासिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान

51 शहरों में 63 शहरी आजीविका केन्द्रों के माध्यम से 1.50 लाख कामगारों का पंजीयन करते हुए 48,501 से अधिक कामगारों को रोजगार

जनसामान्य की सुविधा के लिए सभी नगरीय निकायों में ई-नगर सेवा लागू

सीवर एवं सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु सफाई मित्रों के सहयोग के लिए इमरजेंसी रिस्पॉन्स सैनिटेशन यूनिट का गठन

शहरों में 'चलो ऐप' द्वारा बसों की लाइव मॉनिटरिंग

59 अमृत शहरों में जीआईएस आधारित मास्टर प्लान तैयार कराने तथा 15 नगर निगमों में जीआईएस आधारित प्रापर्टी टैक्स मैनेजमेंट सिस्टम का कार्य प्रगति पर


प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 17 लाख 62 हजार आवासों का निर्माण

लखनऊ में ग्लोबल हाउसिंग टेक्नोलॉजी चैलेंज पर आधारित लाइट हाउस प्रोजेक्ट के अंतर्गत 1,040 आवासों का निर्माण


इंडिया स्मार्ट सिटीज अवॉर्ड कॉन्टेस्ट में
उत्तर प्रदेश का देश में तीसरा स्थान

जन समस्याओं की सुनवाई हेतु 'सम्भव' पोर्टल तथा प्रदेशव्यापी
टोल फ्री नं. 1533 संचालित

Smart City
MISSION TRANSFORM-NATION





काम असरदार-डबल इंजन की सरकार